26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 11 मार्च, 2026

अंक- 136 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# पहली बार 'इच्छामृत्यु' की मिली मंजूरी

## फैसला सुनाते भावुक हो गए SC के जज पारदीवाला

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 31 वर्षीय एक व्यक्ति के लिए निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी। यह शख्स 12 वर्षों से अधिक समय से कोमा की स्थिति में था। अब उसकी कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणाली को हटा दिया गया। निष्क्रिय इच्छामृत्यु किसी मरीज को जीवित रखने के लिए आवश्यक जीवन रक्षक उपकरणों या उपचार को रोककर या वापस लेकर जानबूझकर मरने देने का काम है।**

हरीश राणा 2013 में एक इमारत की चौथी मंजिल से गिरने के बाद सिर में गंभीर चोटों का शिकार हो गए थे और एक दशक से अधिक समय से कोमा में हैं। न्यायमूर्ति जेबी परदीवाला और केवी विश्वनाथन की पीठ ने एम्स को राणा को उपशामक देखभाल इकाई में भर्ती करने का निर्देश दिया, ताकि चिकित्सा उपचार बंद किया जा सके। पीठ ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि उपचार बंद करने की प्रक्रिया एक सुनियोजित योजना के साथ हो ताकि राणा की गरिमा बनी रहे। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 31 वर्षीय युवक के माता-पिता से मिलने की इच्छा व्यक्त की थी। कोर्ट ने एम्स-दिल्ली के डॉक्टरों के एक मेडिकल बोर्ड द्वारा तैयार की गई राणा की मेडिकल हिस्ट्री वाली रिपोर्ट का अध्ययन किया था और टिप्पणी की थी कि यह एक दुखद रिपोर्ट है। प्राथमिक चिकित्सा समिति ने मरीज की हालत की जांच करने के बाद उसके ठीक होने की संभावना नगण्य होने पर जोर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने 11 दिसंबर को कहा था कि प्राथमिक चिकित्सा बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, उस व्यक्ति की हालत दयनीय है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 2023 में जारी दिशानिर्देशों के अनुसार, कोमा में पड़े मरीज के लिए कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणाली को हटाने के संबंध में विशेषज्ञ की राय लेने के लिए एक प्राथमिक और एक द्वितीयक चिकित्सा बोर्ड का गठन करना होगा।


## किराये हेतु जगह खाली है

Space Available for Rent Ideal for Factory/ Plant/ Bakery/Whole Sale Business, Near Nagina Chowk Dhampur.

Contact- 9837973640


## 10 वाली चाय 20 में, मटर पनीर-गोलगप्पे भी महंगे, एलपीजी संकट का दिखा असर

मिडिल ईस्ट में अमेरिका-इजरायल और ईरान में छिड़ी जंग के चलते तेल-गैस आयात में रुकावट का असर भारत में भी दिखने लगा है। खासतौर पर संकट एलपीजी पर है, जो गहराता जा रहा। गैस कंपनियों ने एलपीजी की कीमतें बढ़ा दी हैं, वहीं कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के ऑर्डर पर रोक से हड़कंप मचा हुआ है। कल तक जो एक कप चाय दुकानों पर 10 रुपये की मिलती थी, एक ही दिन में 15-20 रुपये की हो गई. गैस की किल्लत से पूरी-सब्जी की प्लेट महंगी हुई है तो कई रेस्टोरेंट्स ने अपने मेनू तक बदल दिए हैं।


पं. उ.प्र. में सर्वप्रथम विराजित



सांवलिया सेठ

( श्याम बाबा ) के

दर्शन करें।

प्राचीन शिव मंदिर

अग्रवाल धर्मशाला

रम्मू का चौराहा, बिजनौर

मो. 9927652453



## होटल में स्टाफ की आवश्यकता

2. हाउस कीपींग स्टाफ सफाईकर्मी

वेतन 15000-16000/- रुपये अनुभवानुसार (दिन शिफ्ट)

योग्यता : होटल सफाई, बेडिंग और टॉयलेट सफाई, सफाई कैमिकल्स का अनुभव

2. वेटर/बेल ब्वॉय

वेतन 9000-10000/- अनुभवानुसार ( दिन/रात शिफ्ट )

योग्यता : रूम सर्विस, बेडिंग, मेहमानों का स्वागत, सामान पहुंचाना

होटल रजत रेजीडेंसी रेलवे स्टेशन चौक, बिजनौर मो. 9410496747


### रिलायंस इंडस्ट्रीज़ 300 अरब डॉलर की तेल रिफाइनरी में साझेदार होगी-ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है उनके देश में पचास साल बाद बनने वाली 300 अरब डॉलर की पहली तेल रिफाइनरी में भारत की रिलायंस इंडस्ट्रीज़ समूह साझेदार होगी। श्री ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया पेज ट्रुथ सोशल पर यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा, इस ज़बरदस्त निवेश के लिए भारत में हमारे साझेदार और उनकी सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी, रिलायंस को धन्यवाद। श्री ट्रंप ने कहा, अमेरिका असली ऊर्जा प्रभुत्व की ओर लौट रहा है , आज मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि अमेरिका फर्स्ट रिफाइनिंग, ब्राउन्सविले, टेक्सास में 50 साल में पहली नई अमरीकी तेल रिफाइनरी खोल रही है।


## JOB / VACANCY

### बीना प्रकाश हॉस्पिटल

हमारे हॉस्पिटल में निम्न पदों हेतु योग्य/अनुभवी उम्मीदवारों की तुरन्त आवश्यकता है।

1. मेडिकल ऑफिसर (Female)

योग्यता- BUMS/BAMS (मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय)

अनुभव- 0-3 वर्ष (फ्रेशर्स भी आवेदन कर सकते हैं।)

2. फीमेल लेबर रूम स्टाफ

अनुभव 3-4 वर्ष

- नॉर्मल डिलीवरी का अनुभव आवश्यक
- लेबर रूम प्रक्रियाओं का सम्पूर्ण ज्ञान।
- हिंदी व अंग्रेजी में संवाद करने की क्षमता।
- विनम्र एवं जिम्मेदार स्वभाव

इच्छुक उम्मीदवार तुरन्त सम्पर्क करें।

सिविल लाइंस, बिजनौर मो. 6395174506



## बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी

MS (Anorectal Surgeon)

( गुदा रोग विशेषज्ञ )

आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

हज़रत अली ( अ ) की शहादत पर विशेष

# हज़रत अली के मूल्यों को जीवन में उतारें

–अफजल अब्बास जैदी
वरिष्ठ पत्रकार



इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जिनका जीवन स्वयं एक विचारधारा बन जाता है।

हजरत अली (अ) ऐसे ही व्यक्तित्व थे। जिन्होंने पूरी जिंदगी बेहद ही सादगी के साथ बिताई और जीवन भर सच्चाई और इंसानियत को बचाने के लिए संघर्ष करते हुए बिताया। वहीं जिंदगी का अंत भी शहादत से हुआ।

आज उनकी शहादत का दिन है। यह दिन केवल ग़म और श्रद्धा का दिन नहीं है बल्कि यह नैतिक विरासत पर विचार करने का दिन है। जिसकी आज दुनिया को पहले से कहीं ज्यादा जरूरत है।

हजरत अली (अ) का जन्म इस्लामी इतिहास की सबसे बेहतरीन घटनाओं में माना जाता है। क्योंकि इस्लामी इतिहास में काबे के अंदर आज तक किसी भी बच्चे का जन्म नहीं हुआ है। हजरत अली (अ) पहले और आखिरी ऐसे व्यक्ति हुए हैं जिन्हें यह सम्मान हासिल है। हजरत अली (अ) की मां हजरत बीबी फ़ातिमा बिंते असद (अ) को जब प्रसव पीड़ा हुई, तो वह काबे के पास पहुंची थी, उसी वक्त काबे की दीवार खुली और वह काबे के अंदर चली गई। आज भी उस दरार के निशान काबे की दीवार में मौजूद है, जो उस समय की घटना को चीख़-चीख के कर बता रहे हैं।

इस जन्म को केवल एक चमत्कार के रूप में नहीं बल्कि एक प्रीतिकात्मक संदेश के रूप में भी देखा जाता है कि जिस व्यक्ति का जीवन न्याय, सत्य और ईमानदारी का प्रतीक है। उसकी जिंदगी की शुरुआत भी पाक जगह से ही हुई हो। हजरत अली (अ) ने अपनी परवरिश बचपन से ही पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की देखरेख में पाई। हजरत अली (अ) हमेशा इस्लाम की हिफाजत और हर कठिन समय में पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के साथ परछाई की तरह खड़े रहे। लेकिन उनका महत्व केवल ऐतिहासिक निकटता से नहीं बल्कि उनके चरित्र से स्थापित होता है। जो सादगी, साहस, ज्ञान और न्याय का समुद्र था।

जब हज़रत अली (अ) को जबरदस्ती चौथा खलीफा बनाया गया, तब इस्लामी समाज गंभीर राजनीतिक और सामाजिक संकटों से जूझ रहा था। जहा सत्ता संघर्ष, आंतरिक विरोध और वैचारिक विभाजन का बोलबाला था, वही हजरत अली (अ) केवल इसी शर्त पर खलीफा बने कि वह केवल और केवल कुरान और सुन्नत ए रसूल पर इस्लामी शासन स्थापित करेंगे।

हजरत अली (अ) ने शासन को शक्ति का साधन नहीं, बल्कि नैतिक उत्तरदायित्व माना। वह मानते थे कि शासक जनता का सेवक होता है। और न्याय सबके लिए समान होना चाहिए। चाहे इसके लिए कितनी भी भारी कीमत क्यों न चुकानी पड़े।

आज 21वीं शताब्दी में जहां सत्ता अक्सर जवाबदेही से बचने के रास्ते खोजती है, वही हजरत अली (अ) की जिंदगी बेहद प्रासंगिक है।

हजरत अली (अ) अपनी बहादुरी और अल्लाह से सच्ची मोहब्बत की वजह से किसी भी जंग में नहीं हारे, लेकिन 19 रमज़ान, 40 हिजरी (लगभग 661 ईस्वी) को कूफा की मस्जिद में सुबह की नमाज में सजदे के दौरान एक न ी च व्यक्ति अब्दुल रहमान इब्ने मुलजिम ने जहर से बुझी तलवार से आपके सिर पर हमला कर दिया। इस हमले के दो दिन बाद यानी 21 रमजान को आप शहीद हो गए।

हजरत अली (अ) की शहादत इस बात का सबूत है कि सच्चाई और इंसाफ की राह कभी आसान नहीं होती। उन्होंने अपने आखिरी वक्त में भी बदले और घृणा का संदेश नहीं दिया बल्कि संयम और न्याय की बात कही। यह दृष्टिकोण आज के हिंसक और ध्रुवीकृत माहौल में विशेष महत्व रखता है।

हजरत अली (अ) की जिंदगी जन्म से शहादत तक एक सतत नैतिक यात्रा है। जहां कोई विरोधाभास नहीं है। और ना ही कोई अन्याय के साथ समझौता।

वह सत्ता में भी उतने ही सच्चे थे जितने संघर्ष में और जिंदगी में भी उतने ही इंसाफ पसंद थे जितने शहादत के वक्त में। उनकी शहादत का दिन उन्हें याद करने में तभी सार्थक होगा, जब हम उनके मूल्य को इतिहास के पन्नों तक सीमित न रखें बल्कि अपनी जिंदगी में उतारें।



# गर्मी की आहट के साथ बिजली की पीक डिमांड का नया रिकार्ड बनाने के आसार

लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )। उत्तर प्रदेश में गर्मी के मौसम में बिजली की पीक डिमांड के नए रिकॉर्ड बनने की संभावना जताई जा रही है। उत्तर प्रदेश में मार्च महीने में ही 22 हजार मेगावाट पीक डिमांड एक-दो दिन में दर्ज होने की संभावना है। अधिकृत आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में देश में अधिकतम बिजली मांग 2,15,888 मेगावाट दर्ज की गई थी, जिसमें से 2,07,231 मेगावाट की आपूर्ति की जा सकी और 8,657 मेगावाट ( करीब चार प्रतिशत ) की कमी रही। वित्तीय वर्ष 2023-24 में यह मांग बढ़कर 2,43,271 मेगावाट हो गई, जिसमें 2,39,931 मेगावाट की आपूर्ति की गई और 3,340 मेगावाट ( 1.4 प्रतिशत ) की कमी दर्ज हुई। वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश में अधिकतम बिजली मांग 2,49,856 मेगावाट तक पहुंच गई और लगभग पूरी मांग की पूर्ति हो गई, जबकि मात्र दो मेगावाट की नगण्य कमी रही। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनवरी 2026 तक देश में अधिकतम बिजली मांग 2,45,444 मेगावाट दर्ज की गई, जिसमें से 2,45,416 मेगावाट की आपूर्ति की गई और केवल 28 मेगावाट की कमी रही।



लाइसेंस नहीं बना तो अवैध पिस्टल खरीदा ( पेज 7 )



# विधायक ओम कुमार ने शगुन कौशल का अभिनंदन किया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** भाजपा विधायक ओम कुमार ने नजीबाबाद निवासी शगुन कौशल द्वारा यूपीएससी की परीक्षा में 145वीं रैंक प्राप्त करने पर उनके आवास पर पहुंचकर उनका व उनके माता-पिता का अभिनंदन किया। ओम कुमार ने शगुन कौशल के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी इस कामयाबी से क्षेत्र के अन्य युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने शगुन कौशल की माता श्रीमती विनीता कौशल एवं पिता श्री पुष्पेन्द्र कुमार को भी बधाई दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अमर सिंह एवं दुष्यंत कुमार, शगुन कौशल के भाई अमर कौशल एवं विनय कौशल, बहन निशिका कौशल एवं सुरभि कौशल, चाचा नरेन्द्र कुमार तथा भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मोनिका यादव, जिला उपाध्यक्ष सुरभि सिंह, नगर अध्यक्ष मनीषा सैनी, नगर उपाध्यक्ष इंदु राजपूत मौजूद रहे।

मैं राह का चराग हूं सूरज तो हूं नहीं, जितनी मेरी बिसात है काम आ रहा हूं मैं

सभी देशवासियों, जनपदवासियों एवं नगरवासियों को
मुक़द्दस रमज़ान की
दिली मुबारकबाद



वसीक अहमद
पूर्व सभासद
नगरपालिका परिषद, बिजनौर
मो. मिर्दगान बी-10, बिजनौर

इक्कीसवां रोजा : बुधवार, 11 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:26, शिया 6:36
बाईसवां रोजा : बृहस्पतिवार, 12 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:08, शिया-5:01

# पूर्व राज्य मंत्री के निधन पर शोक व्यक्त किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विवेकानन्द दिव्य भारती उत्तर प्रदेश द्वारा पूर्व राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार यशपाल सिंह के निधन पर गहरा शोक व संवेदना प्रकट की है। विवेकानन्द दिव्य भारती उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष योगेन्द्र पाल सिंह योगी ने कहा कि यशपाल सिंह एक मध्यम परिवार से निकले जुझारू नेता थे और जिले के किसानों में उनकी अच्छी पकड़ थी। भारतीय रेडक्रास सोसायटी जनपद बिजनौर के चेयरमैन टीकम सिंह सेंगर व डायरेक्ट डायरेक्टर डा. सुबोधचन्द्र शर्मा द्वारा यशपाल सिंह के निधन को अपूर्णीय क्षति बताते गहरी शोक संवेदना व्यक्त की गयी है।

# दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत

**अम्हेड़ा ( चिंगारी )।** बीती रात यहां नूरपुर मार्ग पर स्थित एक होटल के सामने दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मंगलवार की रात्रि करीब 9:00 बजे हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के गांव सिसौना निवासी सूरज ( 20 वर्ष ) पुत्र वर्ष बाइक से जा रहा था। इस दौरान विपरीत दिशा से आ रहे पैजनिया निवासी विशाल पुत्र पप्पू की बाइक से आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें सूरज गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूरज की मौत से परिवार में कोहराम मच गया तथा गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any) having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# सीओ ने विवेचनाओं के निस्तारण के निर्देश दिये



विवेचकों का अर्दली रूम करते सीओ नितेश प्रताप

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह ने गत रात्रि थाना नांगल पर समस्त विवेचकों का अर्दली रूम कर विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये। क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह ने अर्दली रूम के दौरान थाना क्षेत्र में घटित अपराधों एवं प्रचलित विवेचनाओं की गहन समीक्षा की। उन्होने लंबित विवेचनाओं के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, अभियोगों में प्रभावी कार्यवाही तथा साक्ष्यों के समुचित संकलन के सम्बन्ध में उपस्थित विवेचकों को आवश्यक दिशा - निर्देश प्रदान किये। साथ ही विवेचनाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता बनाये रखने के निर्देश भी दिये। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर भी मौजूद रहे।




कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## अस्थिरता का दौर

निरंतर गंभीर होते जा रहे ईरान-अमेरिका व इस्राइल युद्ध के बीच पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच जारी सैनिक झड़पों ने एशिया महाद्वीप में राजनीतिक अस्थिरता का खतरा पैदा कर दिया है। इस बीच पाकिस्तान व अफगानिस्तान, दोनों ने पूर्ण युद्ध की घोषणा कर दी है और हाल ही में अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के प्रमुख नूरखान हवाई अड्डे पर हमला कर उसे भारी नुकसान पहुंचाने का दावा किया है। दूसरी ओर पाकिस्तान सरकार ने दावा किया है कि उसने 'आपरेशन गजब लिल हक' के दौरान अफगानिस्तान के 400 से अधिक सैनिक मार दिए हैं तथा सैकड़ों घायल हुए हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सैनिक झड़पें कई महीने से जारी हैं और मुस्लिम देशों द्वारा किये गये मध्यस्थता प्रयासों तथा संधि का ज्यादा असर नहीं पड़ा है। दोनों देशों ने एक दूसरे पर संधि तोड़ने का आरोप लगाया है। पाकिस्तान का आरोप है कि अफगान तालिबान, पाकिस्तान में सक्रिय तहरीके तालिबान पाकिस्तान-टीटीपी को बढ़ावा दे रहे हैं जो पाकिस्तान में अलगाववादी व आतंकवादी गतिविधियों के लिए जिम्मेदार है। पाकिस्तानी वायुसेना ने कई बार अफगानिस्तान स्थित टीटीपी के अड्डों पर हमले का दावा किया, जबकि अफगानिस्तान का कहना है कि इन हमलों में बेगुनाह शहरी मारे गए हैं। वास्तव में इस बार अफगानिस्तान में तालिबान सरकार बनने के कुछ ही महीने बाद से दोनों देशों के बीच लगातार तनाव व सैनिक झड़पें होती रही हैं। इसका कारण यह है कि जहां पाकिस्तान 'तालिबान' को अपना मुहरा तथा अफगानिस्तान को अपना 'पांचवां प्रांत' मानता रहा है, वहीं अफगानिस्तान अपने इतिहास के रास्ते पर चलते हुए किसी की 'आधीनता' स्वीकारने को तैयार नहीं है। भले ही अफगानिस्तान में तालिबान की नई सरकार ने महिलाओं को मुख्यधारा से बाहर धकेल कर घरों में कैद कर दिया हो, पर उसने दुनिया से किए इस वादे पर अमल किया है कि वह अपनी भूमि का इस्तेमाल किसी देश के खिलाफ आतंकी कार्रवाइयों में नहीं होने देगा।

# बेशक अंत में हार ही जायेगा ईरान, लेकिन जंग से होगा सबका नुकसान!



इक़बाल हिन्दुस्तानी

**ट्रंप जंग चालू होते ही यह भी कह रहे थे कि ईरान के 85 प्रतिशत हथियार खत्म किये जा चुके हैं। अगर यह बात सही होती तो जंग दो-चार दिन में खत्म हो जाती लेकिन ईरान जितनी बहादुरी सुनियोजित और रणनीतिक तौर पर दस दिन बाद भी पूरी ताकत हिम्मत और आश्चर्यजनक तरीके से लड़कर इतना नुकसान उठाने के बाद भी अमेरिका इस्त्राइल और पड़ौसी अरब देशों को नुकसान पहुंचा रहा है। उससे ऐसा लगता है कि वह इस जंग को जितना हो सके उतना लंबा खींचने और पूरी दुनिया को अमेरिकी ज़िद गलती और दुस्साहस के नुकसान का अहसास कराने का मन बना चुका है। ईरान ने होरमुज जलडमरूमध्य मार्ग बंद कर दुनिया में तेल आने के 20 से 25 प्रतिशत रास्ते को पहले ही बंद कर दिया है।**

अमेरिका ने इस्त्राइल के दबाव में ईरान पर जंग थोपकर अपना मनमाना तानाशाह और साम्राज्यवादी अभियान आगे बढ़ाया है। उसके पास इस जंग को शुरू करने के कोई वाजिब कारण नहीं है। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने देश के सुपर पॉवर होने के कारण इस जंग को ईरान ही नहीं अप्रत्यक्ष रूप से पूरी दुनिया पर जबरन थोप दिया है। ट्रंप ने पहले दावा किया कि यह जंग दो चार दिन में जीत लेंगे। लेकिन जब ईरान ने अपने टॉप मज़हबी सुप्रीमो आयतुल्लाह खामेनई के साथ ही कई बड़े नेता मंत्री और सैनिक कमांडर पहले ही हमले में खोने के बावजूद अमेरिका इस्त्राइल के हमलों का ज़बरदस्त जवाब देना शुरू किया तो ट्रंप ने ईरानी जनता को भड़काकर सड़क पर आने और अपनी सरकार के खिलाफ विद्रोह के लिये उकसाया। मगर ईशनी लाखों की तादाद में रोड पर तो आये मगर अपनी सरकार और अपने सुप्रीम इस्लामी लीडर खामेनई के पक्ष में उनके लिये शोक मनाने उनको श्रद्धांजलि देने और उनके साथ अपनी एकता ज़ाहिर करने को आये। इसके बाद ट्रंप ने ईराक सीरिया और ईरान के सीमावर्ती कुर्दों को उकसाया कि सब मिलकर बगावत कर दें तो उनको लड़ने के लिये हथियार धन और इस समय अलग देश मिल सकता है। लेकिन ईराक जंग के समय अमेरिका से धोखा खाये कुर्दों ने बाकायदा पत्र लिखकर इस आत्मघाती और धूर्त प्रस्ताव को ठुकरा दिया। इसके बाद ट्रंप ने ईरान के आसपास के अरब मुल्कों को यह कहकर जंग में कूदने के लिये तैयार करना चाहा कि ईरान ने उन पर हमला करके खुद अपनी कब्र खोद ली है। लेकिन एक तरफ ईरान ने यह साफ कर दिया कि उसकी इन पड़ौसी अरब मुल्कों से कोई सीधी दुश्मनी नहीं है। वह तो बस उन अमेरिकी सैनिक अड्डों को निशाना बना रहा है।



जिस अमेरिका ने उस पर बिना वजह जंग लाद दी है। इसके साथ ही ईरान ने पड़ौसी खाड़ी के देशों में अमेरिकी सैनिक अड्डों पर हमले के दौरान उन मुल्कों उनकी जनता और बुनियादी ढांचों को अनजाने में पहुंचे नुकसान पर अफसोस जताकर आगे से ऐसे हमले करने के दौरान ज़रूरी एहतियात बरतने और भविष्य में उनको निशाना बनाने से बचने का बयान देकर ट्रंप का यह खेल भी खराब कर दिया। इसके साथ ही ट्रंप ने बार-बार दावा किया कि जंग का मकसद ईरान में सरकार बदलना है। लेकिन वहां न तो सरकार बदली है और न ही निकट भविष्य में बदलने के आसार नज़र आ रहे हैं। ट्रंप का यह भी कहना था कि ईरान अपना नया धार्मिक सर्वोच्च नेता उनकी सहमति से चुने लेकिन ईरान ने मरहूम खामेनई के बेटे मुजतब खामेनई को उनकी जगह खुद चुनकर ट्रंप के इस दावे की भी हवा निकाल दी। ट्रंप का यह भी कहना था कि वह ईरान के परमाणु केंद्रों को हमेशा के लिये नष्ट कर देंगे लेकिन अभी तक वे ऐसा भी नहीं कर पाये हैं। ट्रंप का यह भी सपना है कि ईरान की बेलेस्टिक मिसाइल ड्रोन और दूसरे घातक हथियारों को जंग शुरू होने के पहले सप्ताह में खत्म करके उसकी सैनिक कमर तोड़ दी जाये। लेकिन अब तक ऐसा भी कुछ नहीं हुआ। ट्रंप जंग चालू होते ही यह भी कह रहे थे कि ईरान के 85 प्रतिशत हथियार खत्म किये जा चुके हैं। अगर यह बात सही होती तो जंग दो-चार दिन में खत्म हो जाती, लेकिन ईरान जितनी बहादुरी सुनियोजित और रणनीतिक तौर पर दस दिन बाद भी पूरी ताकत हिम्मत और आश्चर्यजनक तरीके से लड़कर इतना नुकसान उठाने के बाद भी अमेरिका इस्त्राइल और पड़ौसी अरब देशों को नुकसान पहुंचा रहा है। उससे ऐसा लगता है कि वह इस जंग को जितना हो सके उतना लंबा खींचने और पूरी दुनिया को अमेरिकी ज़िद गलती और दुस्साहस के नुकसान का अहसास कराने का मन बना चुका है। ईरान ने होरमुज जलडमरूमध्य मार्ग बंद कर दुनिया में तेल आने के 20 से 25 प्रतिशत रास्ते को पहले ही बंद कर दिया है। दूसरी तरफ तेल रिफाइनरीज़ पर हो रहे हमलों से कच्चे तेल के दाम 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 110 डालर तक पहुंच चुके हैं। क्रूड ऑयल के रेट जंग चलती रही तो जल्दी ही 150 डॉलर तक पहुंच जाने के आसार बनते जा रहे हैं।

इससे पूरी दुनिया में न केवल तेल और गैस की कमी होने का खतरा मंडरा रहा है बल्कि आवागमन और यातायात व माल ढुलाई का खर्च बढ़ने से सभी वस्तुओं के दाम बढ़ने से समस्त विश्व में महंगाई का खतरा भी बढ़ गया है। बताते हैं कि ईरान जो मिसाइल और ड्रोन हमले के लिये प्रयोग कर रहा है, उनको रोकने के लिये इस्त्राइल का आयरन डोम आयरन मोम बन गया है और अमेरिका का अधिकतर एंटी मिसाइल सिस्टम पड़ौसी अरब मुल्कों में ईरान ने तबाह कर दिया है, जो बचा है उसका खर्च अरबों डॉलर होने की वजह से अमेरिका को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उधर, अमेरिका को अपनी ज़मीन और बड़ी रकम अपनी रक्षा के लिये देने वाले अरब मुल्क ट्रंप से बेहद नाराज़ नज़र आ रहे हैं क्योंकि वह केवल इस्त्राइल की रक्षा के चक्कर में अरब मुल्कों को उनके हाल पर छोड़कर छिपकर तमाशा देख रहा है। ऐसा लगता है कि ईरान बेशक अमेरिका से यह जंग एक दिन हार जायेगा, लेकिन वह तब तक अमेरिका इस्त्राइल पड़ौसी अरब मुल्कों और पूरी दुनिया के अमेरिकी समर्थकों के साथ न्यूटल देशों को भी जाने-अनजाने सीधे या अप्रत्यक्ष तौर पर काफी भारी नुकसान पहुंचाकर ही हथियार डालेगा। लेकिन वियतनाम और अफगानिस्तान में हमला करके मुंह की खाने वाला अमेरिका इस बेशर्मी नाकामी और जगहंसाई से कोई सबक सीखेगा, यह कोई दावे से नहीं कह सकता। अलबत्ता ईरान के सुप्रीम मज़हबी लीडर मरहूम अयातुल्लाह खामेनई की कई बातों से असहमत होते हुए भी हम इतना ज़रूर कह सकते हैं कि खामेनई ने ट्रंप के सामने ना झुककर इस्राईल से ब्लैकमेल ना होकर बुज़दिल की तरह बंकर में ना छिपकर मौत सामने देखकर भी निडरता से शहीद होकर अमेरिका इस्राईल और ट्रंप को पूरी दुनिया में बदनाम नाकाम और ज़लील कर खुद को इतिहास में अमर कर लिया है। खामेनई के लिये शायर ने कहा है- **मैं यह नहीं कहता कि मेरा सर ना मिलेगा, लेकिन मेरी आंखों में तुझे डर ना मिलेगा।**

(नोट : लेखक नवभारत टाइम्स डॉटकाम के ब्लॉगर और पब्लिक ऑब्ज़र्वर अख़बार के चीफ एडिटर हैं।)

# दूसरे दिन भी चला अवैध कालोनियों पर बुल्डोजर

बिजनौर (चिंगारी)। तहसीलदार आशीष सक्सेना के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने मंगलवार को दूसरे दिन अवैध कालोनियों पर बुल्डोजर चलाया। बिना नक्शा पास कराए काटी गई कालोनियों में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से कालोनाइजरों में हड़कम्प मचा रहा। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान फरीदपुर काजी उर्फ खेड़की में कुछ लोगों ने विरोध किया।

तहसीलदार आशीष सक्सेना ने बताया कि फतेहपुर नौआबाद के गाटा संख्या 269 क्षेत्र. 1.312है. अभिलेखानुसार मौ. इनाम पुत्र अब्दुल वहीद व गाटा संख्या 270 क्षेत्र. 0.218 है., गाटा संख्या 271 क्षेत्र. 0.218 है. पर मौ. सलीम पुत्र शरीफ व मौ. इनाम पुत्र अब्दुल वहीद व गाटा संख्या 272 क्षेत्र. 0.220 है. पर शकील अहमद पुत्र अब्दुल वहीद व शाह आलम पुत्र शमशाद व गाटा संख्या 273 क्षेत्र. 0. 378 है. पर बनारसी पुत्र छज्जू आदि के नाम अंकित है व ग्राम फरीदपुर काजी गाटा




संख्या 970 क्षेत्र. 0.446 है. पर संजय पुत्र राधेश्याम व गाटा संख्या 971 क्षेत्र. 0.446 ह. पर दीपक कुमार पुत्र राधेश्याम व गाटा सं. 1016 क्षेत्र. 0.379 है.ए 1017 क्षेत्र. 0.060 है. पर आबिल हुसैन पुत्र शाहिद हुसैन आदि व गाटा सं. 1018 क्षेत्र. 0.025 है. पर अरशद पुत्र वाहिद व गाटा संख्या 1028 क्षेत्र. 0.305 है., गाटा संख्या 1029 क्षेत्र. 0.750 है. पर आकिल हुसैन पुत्र शाहिद हुसैन आदि व गाटा सं. 1030 क्षेत्र. 0.421 है. पर अखिल कुमार अग्रवाल पुत्र कृष्ण अवतार अग्रवाल व गाटा सं. 1024 मि. क्षेत्र. 0.263 है. पर शाहिद हुसैन पुत्र आरिफ हुसैन के नाम अंकित है, में बिना लेआउट पास कराये कालोनियां विकसित की जा रही थी, जिसे आधा दर्जन से अधिक करायी गयी अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त करा दिया गया है।

तहसीलदार आशीष सक्सेना ने बताया कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से पहले नोटिस भेजे गये थे। साथ ही अन्य प्रक्रिया भी पूरी की गई थी। नोटिस का जवाब न मिलने पर कालोनियों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है।

# टोपी लगाये युवक से जबरन नारे लगवाए, वीडियो वायरल

बिजनौर (चिंगारी)। रविवार को कुछ उत्पाती युवकों ने टोपी लगाये हुए एक युवक को घेर कर शहर का माहौल खराब करने की कोशिश की। युवक से जबरन नारे लगवाने का प्रयास कर रहे थे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि यह वीडियो रविवार की देर रात उस समय का है, जब भारत टी-20 वर्ल्ड कप चैम्पियन बना था। देशभर में जश्न का माहौल था। इसी दौरान कुछ युवक बिजनौर में एसआरएस मॉल के सामने जीत का जश्न मना रहे थे। युवकों की टोली ने वहां से गुजर रहे एक युवक को पकड़ लिया। उस युवक ने सिर पर टोपी लगा रखी थी। युवकों ने उसे घेर कर नारे लगवाने का दबाव बनाया। युवक के इनकार करने पर उसके साथ धक्का-मुक्की की गई।

वीडियो में दिख रहा कि आसपास मौजूद लोग घटना को मोबाइल में रिकॉर्ड कर रहे हैं। इसी दौरान अशोक आर्य मौके पर पहुंचे। उन्होंने बीच-बचाव कर युवक को उत्पाती लड़कों से छुड़ाया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद किसी ने उसे एक्स पर साझा कर सीएम व डीजीपी से शिकायत की, जिसके बाद पुलिस हरकत में आ गई। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है। वीडियो के आधार पर युवकों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।


सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान
की दिली मुबारकबाद
विवेक सेन

सदस्य जिला पंचायत, जिला योजना समिति, बिजनौर
मुरादाबाद मण्डल महासचिव आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य- आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी धामपुर विधानसभा- 20
इक्कीसवां रोजा : बुधवार, 11 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:26, शिया 6:36
बाईसवां रोजा : बृहस्पतिवार, 12 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:08, शिया-5:01

# वेतन न मिलने से नाराज़ कर्मचारियों ने दी आमरण अनशन की चेतावनी



बिजनौर (चिंगारी)। महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय व जिला संयुक्त चिकित्सालय बिजनौर में कार्यरत कर्मचारियों ने फरवरी माह का वेतन न मिलने पर नाराजगी जाहिर की है। कर्मचारियों का कहना है कि शासन की ओर से होली से पहले वेतन भुगतान के आदेश जारी किये गये थे, लेकिन इसके बावजूद अधिकतर कर्मचारियों को अभी तक वेतन नहीं दिया गया। इस संबंध में वार्डब्वॉय पद पर कार्यरत प्रेमचंद शर्मा ने प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों को घर का खर्च चलाने और बैंक की किस्तों का भुगतान करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चेतावनी दी गई है कि यदि एक सप्ताह के भीतर नियमित रूप से प्रत्येक माह का वेतन नहीं दिया गया तो कर्मचारी बिना किसी पूर्व सूचना के आमरण अनशन पर बैठने को मजबूर होंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष हिमांशु सैनी के साथ प्रेमचंद शर्मा, ग्लैडविन, राजकुमा, सुरेंद्र कुमार, आकाशदीप, अशोक कुमार, डालचंद, जगराम सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# खो-खो प्रतियोगिता में RBD महाविद्यालय की टीम जीती

## 6 महाविद्यालयों की टीमों ने किया प्रतिभाग

बिजनौर (चिंगारी)। रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय, बिजनौर में गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय खो-खो महिला प्रतियोगिता सफलता पूर्वक संपन्न हुई। प्रतियोगिता में रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय बिजनौर, साहू जैन कॉलेज नजीबाबाद, एसएम कॉलेज चंदौसी, वर्धमान कॉलेज बिजनौर, एम एच कॉलेज मुरादाबाद और हिंदू कॉलेज मुरादाबाद की टीमों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय खेल विशेषज्ञ डा. मुकुल कुमार सेक्रेटरी जिला खो-खो संघ एवं डा.जितेंद्र चौधरी खेल पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। जिला खो खो एसोसिएशन बिजनौर, की खेल संचालन टीम डा. मुकुल सचिव, एस के दास, ललित




राजपूत, जितेंद्र कुमार द्वारा संचालन किया गया। प्राचार्या प्रो. पारूल त्यागी, आयोजन सचिव प्रो. मंजु, सह सचिव डा. सीमा चौधरी ने अतिथियों एवं अधिकारियों का स्वागत पुष्पगुच्छ के साथ स्वागत किया। प्रतियोगिता के प्रथम मैच में हिन्दू कॉलेज मुरादाबाद ने एसएम कॉलेज चंदौसी, द्वितीय मैच में रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय बिजनौर ने साहू जैन कॉलेज नजीबाबाद को हराया। फाइनल मैच में हिन्दू कॉलेज मुरादाबाद और रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय बिजनौर के बीच खेला गया, जिसमें बिजनौर की टीम विजेता रही। आरबीडी टीम को विजेता बनाने में डॉ. सीमा चौधरी, कु कल्पना, खुशी थापा का सहयोग सराहनीय रहा। प्रतियोगिता का समापन समारोह विशिष्ट अतिथि,जिला क्रीड़ा अधिकारी बिजनौर राजकुमार के करकमलों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि एवं प्राचार्या प्रोफेसर पारूल त्यागी ने विजेता एवं उपविजेता टीम को मेडल एवं ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया।

# शुगर मिल में कार्यरत महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया



धामपुर शुगर मिल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस।

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर शुगर मिल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने संस्थान में कार्यरत सभी महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम में रोचक खेल, सिग्नेचर बोर्ड, सेल्फी प्वाइंट महिला कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में स्मृति यादव, संध्या, कविता, मेघा अधिकारी, कल्पना, कविता रानी, आदर्श रस्तौगी, श्रीमति दुर्गेश कुमारी, रंजना पंत, रीता यादव, ममता शर्मा सीमा रानी, सविता आदि ने अपनी प्रस्तुतियों दी। कार्यक्रम में मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता, सहित ओमवीर सिंह, विकास अग्रवाल, सुनील कुमार राणा, अभय शर्मा, सत्यवीर सिंह, विवेक सिंह, शरद गहलौत आदि उपस्थित रहे।








महिला दिवस कार्यक्रम में शामिल महिलाएं।

# सेंट मेरी रोड को अब से जाना जायेगा माता सावित्री फूले मार्ग के नाम से



**धामपुर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन द्वारा महिला शिक्षा की प्रेरक व देश की पहली महिला शिक्षक माता सावित्रीबाई फुले का स्मृति दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह के द्वारा माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर सम्मुख माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में पहुंचने पर चौधरी रवि कुमार सिंह का ढोल की थाप व फूल माला पहनकर स्वागत किया गया। चौधरी रवि कुमार सिंह ने सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल को जाने वाले मोहल्ला बड़वान वाले मार्ग के नामकरण पट का अनावरण माता सावित्रीबाई फूले मार्ग के नाम पर किया। संगठन द्वारा चौधरी रवि कुमार सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन के संस्थापक शिवम सैनी, अध्यक्ष सुरेश सैनी, महासचिव सचिन कुमार, कोषाध्यक्ष धर्मपाल सैनी, कोषाध्यक्ष प्रशांत सैनी, युवा जिला अध्यक्ष अरुण सैनी, डॉ. राज सैनी, सुरेश सैनी, क्षेत्रपाल शास्त्री, सभासद श्रीमती पूनम सैनी, रवि शंकर सैनी, मोनिका सैनी, पूर्व सभासद बॉबी सैनी, संदीप सैनी, लक्ष्मी नारायण सैनी, संगठन मंत्री गौरव सैनी, जिला महासचिव अंकित सैनी, अभय सैनी, कपिल सैनी, रोहन सैनी, शुभम सैनी, विकास सैनी, लक्ष्मण सैनी आदि बड़ी संख्या में सैनी समाज के पुरुष तथा महिलाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष सुरेश सैनी तथा संचालन क्षेत्रपाल शास्त्री ने किया।

# रोटरी क्लब ने किया महिलाओं को सम्मानित

**धामपुर ( चिंगारी )।** दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान के प्रधान कार्यालय पर रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल एरिया धामपुर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में रोटरी क्लब की महिलाओं और माताओ को समाज में उनके अमूल्य योगदान समर्पण एवं भावनाओं को समझते हुए डॉ. आदित्य अग्रवाल के क्लीनिक पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब की वरिष्ठ रोटेरियन सुनीता नंदा एवं डॉ. मोनिका अग्रवाल ने अपने विचार रखते हुए समाज मे महिलाओं की भागीदारी एवं योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए डॉक्टर मोनिका अग्रवाल एवं डॉ. आदित्य अग्रवाल को रोटेरियन संधि नंदा ने आभार व्यक्त किया।






## कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर (बिजनौर)

वेबसाइट-NPPDHAMPUR.CO.IN — दुरभाष नं.- 01344-297070

पत्रांक: 209/2025-26 — दिनांक 10.03.26

### अल्पकालीन ई-निविदा आमन्त्रण सूचना

नगर पालिका परिषद धामपुर, जनपद बिजनौर द्वारा '15वां वित्त आयोग निर्दिष्ट अनुदान की प्रथम किश्त'/'02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क' से प्राप्त धनराशि से '15वां वित्त आयोग निर्दिष्ट अनुदान की प्रथम किश्त' में 09 कार्य एवं '02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क' अन्तर्गत 04 कार्य कुल 13 ऑनलाईन कार्य एवं बोर्ड फण्ड/राज्य वित्त में प्राप्त धनराशि से 02 ऑफलाईन कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 23.03.2026 समय प्रात: 11:00 बजे तक वेबसाईट पर निविदायें डाल सकते हैं। उक्त कार्य हेतु समस्त ठेकेदार, बिडर्स/कान्ट्रैक्टर्स, बेन्डर्स एवं शासनादेश संख्या-3/2017/1067/78-2-2017-42 आई.टी./2017 अनुभाग-2 दिनांक 12.05.2017 के क्रम में यू.पी. इलैक्ट्रोनिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड बिडर्स/कान्ट्रैक्टर्स/बेन्डर्स आदि प्रतिभाग कर सकते हैं।

| | |
|---|---|
| Tender reference | Ltr.No. न.पा.प.धा./निविदा/2025-26 |
| Publish and time for RFP | 11-03-2026 12:00AM |
| Last date and for submission of Tender | 23-03-2026 11:00 AM |
| Date of time of opening tender | 23-03-2026 12:00 PM |
| Place of opening of Tender | Office Nagar Palika Parishad Dhampur |
| Tender Security | 10% of Tender Value |
| Tender Document processing | As per tender List |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद धामपुर
जिला-बिजनौर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद धामपुर
जिला बिजनौर

# सेंट पीटर्स स्कूल में भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन

**किरतपुर (चिंगारी)।** सेंट पीटर्स विद्यालय में दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री जयकरण यादव (जिला विद्यालय निरीक्षक), विद्यालय के प्रबंधक रेवरेन्ड फादर बीजू, प्रधानाचार्या सिस्टर निकिता द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय को सुंदर ढंग से सजाया गया था। मुख्य अतिथि का तिलक लगाकर एवं फूलमालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

दीक्षांत समारोह के दौरान यू.के.जी. के बच्चों ने दीक्षांत वस्त्र (ग्रेजुएशन गाउन) और दीक्षांत टोपी (मोर्टरबोर्ड) पहनकर अपने वार्षिक परिणाम प्राप्त किए। विद्यालय प्रबन्धक रेवरेंड फादर बीजू, प्रिंसिपल सिस्टर




निकिता, मुख्य अतिथि श्री जयकरण यादव व के.जी. इंचार्ज सिस्टर जिन्सिट्टा सभी के द्वारा बच्चों को यह उपलब्धि प्रदान की गयी। यह दृश्य सभी के लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का क्षण था। इसके पश्चात बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्हें उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा नहीं हुआ तो शिवसेना करेगी आंदोलन



**चांदपुर (चिंगारी)।** शिवसेना ने चांदपुर, बिजनौर व गजरौला मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य बहुत ही धीमी गति से किये जाने पर तीव्र आक्रोश व्यक्त करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। यहां बसंती देवी धर्मशाला में पंडित नरेश शर्मा की अध्यक्षता एवं डा. दिनेश कुमार के संचालन में आयोजित बैठक में शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने कहा कि जेपी पब्लिक स्कूल से फादरसन पब्लिक स्कूल तक 6 किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण होना था, साइडों की मिट्टी खोद दी गई थी, लेकिन सड़क का निर्माण नहीं किया। यह कार्य लगभग ढाई वर्ष से चल रहा है, लेकिन अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है। मिट्टी उठाए जाने से सड़क की दोनों साइड काफी गहरी हो जाने से आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। मंगलवार को भी दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा नहीं किया गया तो शिवसेना कार्यकर्ता कमिश्नर व डीआईजी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करने को विवश होंगे। बैठक मे जिला उप प्रमुख मुकेश लांबा, संदीप बिल्ला, पुलकित त्यागी, प्रेम कुमार, दीपक देशवाल, भूपेंद्र कुमार आदि शिव सैनिक मौजूद रहे।

# लाइसेंस नहीं बना तो अवैध पिस्टल खरीदा

**डाक्टर गिरफ्तार**

**स्योहारा (चिंगारी)।** लाइसेंस नही बना तो चिकित्सक ने अवैध रूप से हथियार रखा, लेकिन पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। डाक्टर ने 40 हजार रुपये में पिस्टल खरीदा था।

स्योहारा पुलिस ने अवैध पिस्टल और कारतूस के साथ मुरादाबाद जिले के एक चिकित्सक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने सोमवार को जेल भेजे गये हथियार तस्कर गिरोह के सदस्य से 40 हजार रुपये में पिस्टल खरीदी थी। पूछताछ में उसने बताया कि अस्पताल और अपनी सुरक्षा के लिए उसने यह अवैध हथियार लिया था। सोमवार को अवैध हथियार के आरोप में आठ लोगों को जेल भेजा गया था। मुरादाबाद जिले के कांठ थाना क्षेत्र के गांव उमरी कलां निवासी शमीम उर्फ माइकल उर्फ मुन्ना को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था, जो हथियार खरीदकर बेचने का काम करता था।

पूछताछ में माइकल ने बताया था कि उसने आरिफ से एक पिस्टल खरीदकर मुरादाबाद के छजलैट कांठ रोड निवासी एक चिकित्सक को बेची है। इसी सूचना के आधार पर स्योहारा पुलिस ने मंगलवार को डॉ. परवेज मलिक को गिरफ्तार कर लिया तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध पिस्टल और कारतूस बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार डॉ. परवेज मलिक ने चीन से एमबीबीएस की पढ़ाई की है और छजलैट में अपना अस्पताल चलाते हैं, जहां वह मैनेजिंग डायरेक्टर के पद पर भी हैं।

सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



ठाकुर मूलचंद चौहान
पूर्व राज्यमंत्री
(उत्तर प्रदेश सरकार)
समाजवादी पार्टी 20 विधानसभा क्षेत्र, धामपुर

इक्कीसवां रोजा : बुधवार, 11 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:26, शिया 6:36
बाईसवां रोजा : बृहस्पतिवार, 12 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:08, शिया-5:01

# ईरान-इजराइल जंग का असर किरतपुर में आने लगा नज़र

**किरतपुर (चिंगारी)।** ईरान और इजरायल के बीच हो रही जंग का असर यहां नगर में भी देखने को मिल रहा है। रसोई गैस व पेट्रोल की किल्लत ना हो जाए, हर कोई सोचने पर मजबूर है। रसोई गैस की 25 दिन में बुकिंग होगी, यह घोषणा होते ही नगर की गैस एजेंसी पर बुकिंग कराने वालों की भीड़ बढ़ गई है। किरतपुर गैस एजेंसी के स्वामी देवेंद्र चौधरी ने चिंगारी को बताया कि नगर व क्षेत्र में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बंद हो गई है। घरेलू गैस की कोई दिक्कत नहीं है। चौधरी ने घरेलू गैस उपभोक्ताओं से अपील की गैस की बुकिंग 25 दिन बाद करायें और डीएससी के 6 अंकों के आधार पर गैस दी जा रही है। कामर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति बंद होने से होटल में चाय वालों के चेहरों पर परेशानी साफ नजर आने लगी है। जल्दी यहां भी होटल, मिठाई, ठेले वालों और चाय की दुकान बंद हो सकती हैं। दूसरी ओर पेट्रोल पंपों पर सामान्य रूप से आपूर्ति की जा रही है।



# रमज़ान के दूसरे अशरे में गुनाहों से तौबा करें : क़मर क़ासमी

**धामपुर (चिंगारी)।** रमजानुल मुबारक के मुकद्दस महीने में अल्लाह के कलाम को तरवीह नमाज़ में सुनाकर मुकम्मल होने का सिलसिला जारी है। इस मौके पर शहर इमाम मुफ़्ती मोहम्मद कमर कासमी ने रमजान के दूसरे अशरे में अपने गुनाहों से तौबा करने वाला बताया। उन्होंने आखरी अशरे में मुसलमानों से एतेकाफ का एहतेमाम किये जाने की ताक़ीद की।

नगर के मोहल्ला अफ़ग़ानान स्थित जामा मस्जिद में मौलाना अहमद अब्दुल्लाह ने बीस दिनी तरावीह नमाज़ में कुराने करीम को सुनाया, जिसे बीच बीच मे मुफ़्ती फैज़ान बारी, कारी हस्सान ने संयुक्त तौर से सुनकर गलतियों को दुरुस्त कराया। शहर इमाम मुफ़्ती मोहम्मद कमर कासमी ने कहा कि जिस शख्स ने रमजान के महीने तरवीह नमाज़ को लगातार एहतराम व एहतमाम के साथ पढ़ा। अल्लाह ताला उसकी हिफाज़त करेंगे ओर उसके अगले और पिछले गुनाह माफ़ कर देंगे। इस मौके पर मुफ़्ती मोहम्मद कासमी, मुफ़्ती मोहम्मद फैज़ान बारी कासमी, कारी मोहम्मद हस्सान, मौलाना अब्दुल रज़्ज़ाक़, मुफ़्ती फहीम, डा. कमाल अहमद, मोहम्मद शान, शहजाद रफी, डा. आरिफ सैफी, सलाउद्दीन, मोहम्मद दानिश, मोहम्मद नाजिश, पत्रकार फैज़ान अंसारी, मोहम्मद ज़ाहिद, उस्मान, मोहम्मद हम्माद, आसिफ खान, मुफ़्ती नफीस कासमी, हाजी आरिफ खान, हाजी चांद, गुफरान, असलम, शबनूर शम्स, आमीर हसन आदि शामिल रहे।



# तसव्वर कुरैशी ने कराया रोज़ा इफ़्तार

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** निकटवर्ती ग्राम मानियावाला की प्रधान शाहीन कुरैशी के पति तसव्वर कुरैशी ने मंगलवार की शाम अपने यहां विशाल रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जिसमें रोजेदारों ने बड़ी तादाद में शिरकत की। रोजा इफ्तार से पूर्व मौजूद रोजेदारों ने अपने महबूब मुल्क हिंदुस्तान समेत पूरे आलम में अम्न-ओ-सुकून व खैर-ओ-आफियत की दुआएं मांगी। इफ्तार का बेहतर इंतजाम करने में शमीम कुरैशी, इदरीस कुरैशी, मतीन कुरैशी, मोबीन कुरैशी, जलील कुरैशी, हाजी अशरफ कुरैशी, हाजी शकील कुरैशी, हनीफ कुरैशी, गुलजार कुरैशी, फहीम कुरैशी, दिल्लू कुरैशी, तासीम कुरैशी, वसीम कुरैशी, हाजी लतीफ कुरैशी, अतीक कुरैशी, बबलू कुरैशी, हाजी पप्पू कुरैशी, बबला कुरैशी आदि का अहम रोल रहा।

# बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर में गैर सनातनियों के प्रवेश पर रोक

**देहरादून ( चिंगारी )।** बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल, जबकि केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल को खुल रहे हैं। इसके अलावा गंगोत्री यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया यानी 19 अप्रैल को खुलेंगे। इसी क्रम में मंगलवार को बीकेटीसी के कैनाल रोड स्थित कार्यालय भवन में बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी की अध्यक्षता में बैठक हुई।

श्री बदरी नाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) की बजट बैठक में आगामी यात्रा सत्र 2026-27 को मद्देनजर रखते हुए 1.21 अरब से अधिक का अनुमानित बजट पारित किया।





बदरीनाथ और केदारनाथ में गैर सनातनियों के प्रवेश पर रोक लगाने सहित धामों में यात्रा पूर्व व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने, ऋषिकेश स्थित ट्रांजिट कैंप में मंदिर समिति का शिविर कार्यालय खोलने, धामों में निर्धारित दूरी तक मोबाइल प्रतिबंधित, अस्थायी कर्मचारियों के वेतन विसंगति दूर करने समेत कई अहम प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किए गए।

मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने पिछली बोर्ड बैठक की अनुपालन आख्या प्रस्तुत करने के साथ वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया।

बजट बैठक में बदरीनाथ धाम के लिए 57,47,39,601 रुपये, जबकि केदारनाथ धाम के लिए 63,60,59,900 रुपये बजट का प्रविधान किया।

बजट में प्रस्तावित आय के सापेक्ष 99,45,36,651 का प्रस्तावित व्यय दिखाया गया। समिति ने निर्णय लिया कि यात्रा सीजन के दौरान बढ़ती श्रद्धालु संख्या को देखते हुए दर्शन व्यवस्था व आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जाएगा।

### बैठक में ये मौजूद रहे

**बैठक में बीकेटीसी उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती, उपाध्यक्ष विजय कप्रवाण, सदस्य धीरज मोनू पंचभैया, महेंद्र शर्मा, प्रह्लाद पुष्पवान, देवी प्रसाद देवली, राजेंद्र प्रसाद डिमरी, डा. विनीत पोस्ती, नीलम पुरी, दिनेश डोभाल, राजपाल जड़धारी, राजकुमार तिवारी, रजनीश भट्ट, वित्त अधिकारी मनीष उप्रेती, विधि अधिकारी एस एस बर्त्वाल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी राजन नैथानी आदि मौजूद रहे।**

# मंझेड़ा सकरू में अवैध अस्पताल सील

**नगीना ( चिंगारी )।** नगीना में निजी अस्पतालों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग की टीम का चेकिंग अभियान मंगलवार को भी जारी रहा। टीम ने ग्राम मझेड़ा सकरु में एक निजी अस्पताल को सील कर दिया। स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉक्टर प्रमोद देशवाल ने बताया कि नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम मझेड़ा सकरु में एक अस्पताल के अवैध तौर पर संचालित होने की शिकायत मिली थी। उनका कहना है कि उन्होंने पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर देखा तो मोहम्मद अशरफ द्वारा एक अस्पताल का संचालन किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि उक्त अस्पताल को सील कर दिया गया है।



अवैध तौर पर संचालित अस्पताल में सील लगाते नोडल अधिकारी।

# मानसून के बाद 4147 किमी सड़कें गड्ढामुक्त, गांवों से तीर्थों तक डगर आसान

**2025-26 में 400 करोड़ खर्च कर 7000 किमी से अधिक सड़कें गड्ढामुक्त की गईं**

**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए धामी सरकार तेज प्रयास कर रही है। पंचायत भवनों के निर्माण से लेकर सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने और धार्मिक स्थलों तक रोपवे नेटवर्क विकसित करने तक कई मोर्चों पर काम तेजी से हो रहे है। सरकार का उद्देश्य गांवों से लेकर तीर्थ स्थलों तक बेहतर संपर्क, सुविधाएं और विकास की नई राह तैयार करना है। प्रदेश में वर्ष 2025-26 में 3,134 किमी सड़कों को मानसून से पहले और 4,149.17 किमी को मानसून के बाद गड्ढामुक्त किया गया। राज्य सरकार की ओर से विधानसभा सत्र के दौरान जानकारी दी गई कि सरकार ने चार वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश में 819 पंचायत भवनों का निर्माण और पुनर्निर्माण किया है। राज्य में कुल 5867 पंचायत भवन हैं, जिनमें से 1134 भवन लंबे समय से जर्जर स्थिति में थे। सड़कों के मोर्चे पर भी विभाग ने तेजी से काम किया है। लोक निर्माण विभाग ने वर्ष 2025-26 में मानसून से पहले और बाद में मिलाकर सात हजार किलोमीटर से अधिक सड़कों को गड्ढामुक्त किया है। 3,134 किमी सड़कों को मानसून से पहले और 4,149.17 किमी को मानसून के बाद गड्ढामुक्त किया गया। हरिद्वार जिले में 313 किमी से अधिक सड़कें गड्ढामुक्त की गईं। गड्ढामुक्त अभियान पर 400 करोड़ का खर्च किया। इससे आवागमन सुगम होने के साथ ही ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलने की उम्मीद है। पर्यटन व तीर्थ यात्राओं को सुविधाजनक बनाने के लिए राज्य में कई रोपवे परियोजनाओं पर काम शुरू किया गया है।

# अमेरिका ने बड़ा ऐलान करके लिया यू-टर्न!

मध्य पूर्व में बढ़ते युद्ध के बीच एक सोशल मीडिया पोस्ट ने वैश्विक तेल बाजार में अचानक हलचल मचा दी। अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने दावा किया कि अमेरिकी नौसेना ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे एक तेल टैंकर को सुरक्षा देते हुए एस्कॉर्ट किया है, ताकि दुनिया तक तेल की आपूर्ति जारी रह सके, लेकिन यह दावा ज्यादा देर तक नहीं टिक पाया. कुछ ही मिनटों बाद यह पोस्ट हटा दी गई और व्हाइट हाउस को आगे आकर सफाई देनी पड़ी। क्रिस राइट ने अपने पोस्ट में लिखा था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान के दौरान भी वैश्विक ऊर्जा बाजार को स्थिर बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी नौसेना ने सफलतापूर्वक एक तेल टैंकर को होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित बाहर निकलने में मदद की, ताकि वैश्विक बाजारों तक तेल की आपूर्ति बनी रहे।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



ATHER

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम अब धामपुर में खुलने जा रहा है
आवश्यकता है-
मैनेजर, सेल्समैन, मैकेनिक
मो. 9119766026

25 हजार तक की डिस्काउंट

आवश्यकता है
*वर्कशॉप सुपरवाइजर
*मैकेनिक

*नियम व शर्तें लागू

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# सात समंदर पार कफ़न में लिपटा 'लाल' और...

–शहबाज़ अनवर 'शोबी'

**बिजनौर (चिंगारी)।** सात समंदर पार एक ख़ामोश जिस्म है, कफ़न में लिपटा, नहाया धोया, दो चार रिश्तेदारों, पिता के अलावा पास में कोई नहीं, अब उसका नाम भी नहीं लिया जा रहा है, लोग मेयत कहकर बुला रहे हैं, हालांकि नाम तो कैफ रखा गया था, वतन की मिट्टी नसीब हो, आख़िरी सफर से पहले 'अपने' चेहरा देख लें, इसी की तैयारी और जुस्तजू चल रही है। माँ वीडियो कॉल पर बेटे को निहारती है, भाई बार-बार भैया को देख रहे हैं, पर कैफ चुप हैं, कोई प्रतिक्रिया नहीं। शेरकोट के मोहल्ला तराई के रहने वाले लगभग 24 वर्षीय कैफ की 27 फरवरी को सऊदी अरब में मौत हुई है, वह एक सड़क दुर्घटना में चल बसे, उनका शव भारत लाने की तैयारी है, पर इस प्रक्रिया में कई औपचारिकताएं पूर्ण होनी है, हर रोज़ घर के लोग शव के शेरकोट पहुंचने की उम्मीद कर रहे हैं, लेकिन समय लग रहा है।


कैफ का फाइल फोटो।

### कैसा है ये मंज़र, दिल फट रहा है?

27 फरवरी को कैफ की मौत अरब में हुई, लेकिन अभी तक उनका शव भारत नहीं लाया जा सका है, अरब में कैफ के पिता मोहम्मद खालिद बेटे के शव के साथ हैं, लेकिन यहां घरवालों को न भूख है न प्यास, रमज़ान में अल्लाह उनका कड़ा इम्तेहान ले रहा है. भूख से जिस्म और मन से सब्र की परीक्षा। कैफ के एक रिश्तेदार ने बताया कि उनका शव जल्द ही घर आ जायेगा. कैफ चार भाइयों में सबसे बड़े थे।

### जहां हिम्मत टूटी वहां बस वीडियो कॉल सहारा

**दरअसल शेरकोट से अधिकांश युवा खाड़ी देशों में रोज़ी-रोटी की तलाश में जाते हैं। लेकिन सालों से होता ये आ रहा है कि विदेश में मौत होने पर ऐसे परिवारों के लोग अपनों के शव तक अरब देशों से मंगा नहीं पाते हैं इसकी मुख्य वजह पैसा और समय दोनों हैं, हालांकि गुरबत दूर करने का उद्देश्य ही अधिकतर युवा वहां का रुख करते हैं ऐसे में घरवाले भारत से ही आख़िरी लम्हात के दीदार वीडियो कॉल पर कर लेते हैं।**

## मुम्बई की कम्पनी नजीबाबाद के लोगों का करोड़ों रूपए ठगकर फरार

नजीबाबाद (चिंगारी)। मुम्बई में संचालित बिजनेस में पैसा इन्वेस्ट कर मोटा मुनाफा देने का लालच देकर शातिर ठग नजीबाबाद व आसपास के इलाकों से करोड़ों रुपए इकट्ठे कर फरार हो गए। लोगों को जैसे ही ठगी का पता चला तो नजीबाबाद कार्यालय संचालित करने वाले एक व्यक्ति के घर पर जाकर पीड़ित लोगों ने खूब हंगामा किया। यहां तक कि घर में रखा सामान कुछ महिलाएं उठाकर ले गई। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। मंगलवार को नजीबाबाद में उस समय हड़कंप मच गया जब हर्षवाड़ा बाईपास मार्ग स्थित ड्रीम सनशाइन डिजिटल के नाम से संचालित एक कार्यालय पर ताला लटका मिला। देखते ही देखते दर्जनों महिलाएं व पुरुष वहां इकट्ठे हो गए तथा उन्होंने वहां हंगामा शुरू कर दिया। पीड़ितों का आरोप था कि ड्रीम सनशाइन डिजिटल के नाम से नजीबाबाद से लेकर महाराष्ट्र तक कुछ लोगों ने बिजनेस में पैसा इन्वेस्ट करने का लालच देकर सैकड़ों लोगों को ठगी का शिकार बनाया है। पिछले काफी समय से इस नाम से संचालित ठगों के शातिर ग्रुप ने नजीबाबाद व आसपास के क्षेत्र से करोड़ों रुपए इकट्ठा किये और इसके बदले कुछ लोगों को मुनाफे के तौर पर हर महीने एक लाख पर पांच हजार रुपए तक का मुनाफा हर महीने दिया जा रहा था। इन ठगों ने रमजान के महीने में मुनाफा की रकम बढ़ाते हुए एक लाख पर नौ हजार रुपए प्रति महीना देने की बात बताई। इसके बाद लोगों ने खूब पैसा ठगों को दे दिया। कम्पनी का नजीबाबाद कार्यालय बन्द मिलने पर लोगों ने कार्यालय संचालित करने वाले व्यक्ति के मकान का ताला तोड़कर उसमें रखा सामान उठाना शुरू किया तो कुछ देर बाद ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने वहां मौजूद भीड़ को हटाते हुए मकान में तोड़फोड़ करने से रोका। पुलिस ने कहा कि पूरे मामले को लेकर शिकायती पत्र के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। यह ठग सिर्फ नजीबाबाद में ही नहीं बल्कि मुंबई के घाटकोपर मानखुर्द लिंक रोड मोहित पाटील नगर स्थित ड्रीम सनशाइन डिजिटल के मुख्य कार्यालय को बंद कर फरार हो गए। बताया जाता है कि ठग नजीबाबाद के लोगों का भी करोड़ों रूपया लेकर फरार हो गये है, जिससे त्यौहार के मौके पर ठगे गये लोगों में हड़कंप मच गया है।

**कार्यालय संचालित करने वाले व्यक्ति के घर हंगामा, लोग सामान उठाकर ले गये**

## रात में अधिवक्ताओं के चैम्बरों से 15 पंखे चोरी

नजीबाबाद (चिंगारी)। रात्रि के समय अज्ञात चोरों ने नजीबाबाद तहसील परिसर में स्थित 15 अधिवक्ताओं के चैम्बरों से बिजली के पंखे चोरी कर लिये। इस संबंध में अधिवक्ताओं ने सीओ नितेश प्रताप सिंह से मुलाकात कर उन्हें घटना के संबंध में अवगत कराया। अधिवक्ताओं ने बताया कि चोर 15 पंखे चोरी करके ले गये जबकि एक पंखा उतारने के बाद मौके पर ही छोड़ गये है। सीओ ने थाना प्रभारी को घटना के खुलासे के निर्देश दिये। इस संबंध में थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया गया कि घटना की जांच कर सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की पहचान की जाएगी।

## गायत्री परिवार की बहनों का सद्साहित्य देकर सम्मान किया

**नजीबाबाद (चिंगारी)। शांतिकुंज जोनल कार्यालय गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद में कार्यकर्ता संगोष्ठी में कार्यकर्ताओं को गायत्री यज्ञ संस्कार घर-घर पहुंचने के दायित्व सौंपे गये। गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डॉ. दीपक कुमार ने वरिष्ठ गायत्री परिवार की ब्रह्मवादिनी बहनों का पीत वस्त्र व सद्साहित्य देकर सम्मान किया। उन्होंने कहा कि यदि नर के पास दृष्टि है तो नारी के पास दिव्यदृष्टि है। वेदों में नारी का गुणगान किया गया है। नारी को दुर्गा, काली, गायत्री, सरस्वती, लक्ष्मी के रूप में पूजा गया है।**

## सूचना

पहले मेरा नाम Naushad था अब मैंने अपना नाम बदलकर Naushad Ahmad रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम से जाना व पहचाना जाये।

Naushad Ahmad S/o Rais Mohalla Pathanpura Najibabad Bijnor U.P. – 246763

## छात्राओं ने किया मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के रमा जैन कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर का चतुर्थ दिवस कौशल विकास से व्यक्तित्व विकास विषय के अंतर्गत मनाया गया। शिविर का आरंभ लक्ष्य गीत द्वारा किया गया। रंगोली प्रतियोगिता एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में कामिनी, आशी, पायल, सानिया, आशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में शगुन ने प्रथम, मानसी ने द्वितीय व साक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिविर में एलडीओ ऑफिस बिजनौर से आए लेखराज उपाध्याय ने छात्राओं को वित्तीय साक्षरता के विषय में बताया। उन्होंने छात्राओं को अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व फ्रॉड के बारे में बताया। शिविर में उपस्थित महाविद्यालय निदेशक डॉ. केसी मठपाल ने छात्राओं को बचत का महत्व बताया। प्राचार्य डॉ. मृदुला त्यागी ने कहा कि हमारे भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए बचत करना बहुत आवश्यक है। शिविर में उपस्थित डॉ. भावना अरोरा, श्रीमती सुनीता जवेरिया ने भी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम अग्रवाल ने छात्राओं को जागरूक रहते हुए जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। शहरीन परवीन, भावना, योग्यता, मानसी, मैरी, उनैजा, सलोनी, स्वाति, खुशबू, प्रियंका आदि छात्राओं ने उत्साह के साथ शिविर की गतिविधियों में भाग लिया।





# प्रियंका मॉडर्न स्कूल के चार छात्रों का जिला बास्केटबाल टीम में चयन


बास्केटबॉल टीम में चयनित खिलाड़ी।

**धामपुर (चिंगारी)।** डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन बिजनौर के तत्वावधान में नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम, बिजनौर में हुई चयन प्रक्रिया में प्रियंका मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल के चार विद्यार्थियों हार्दिक सिंह, हनी सिंह, देवांश सिंह और यथार्थ का चयन होने पर उनका विद्यालय पहुंचने पर स्वागत किया गया। प्रियंका मॉडर्न स्कूल के निदेशक राणा प्रियंकर सिंह, प्रशासिका श्रीमती, अदिति सिंह, प्रधानाचार्य डीएस नेगी ने चयनित विद्यार्थियों को स्मृति देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर स्कूल के निदेशक राणा प्रियंकर सिंह ने बताया कि पढ़ाई के साथ विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में बास्केटबॉल अकादमी, फुटबॉल एकैडमी, बैडमिंटन एकैडमी घुड सवारी और शूटिंग रेंज आदि की व्यवस्था की गई है। खेलों को बढ़ावा देने हेतु स्कूल में ही स्टेडियम की व्यवस्था भी की गई है। इस अवसर पर राजीव चौहान, मयंक कौशिक, मिस्टर पी पल, एसके देवरा, मोहम्मद तबरेज, कार्मेंद्र चौहान, डीपी सिंह, कमल भट्ट, रूपराज सिंह, सरदार सतनाम सिंह आदि शिक्षकों ने उदयमान खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी।

# शिव महापुराण मनुष्य का आध्यात्मिक मार्ग दर्शक भी है : राधेश्याम व्यास


कथा सुनाते हुए महंत राधेश्याम व्यास जी महाराज।

## सात दिवसीय कथा प्रारंभ

**धामपुर (चिंगारी)।** मोहल्ला साहूवान स्थित श्रीराम मंदिर आश्रम में सात दिवसीय शिवमहापुराण कथा के प्रथम दिन श्रीराम मंदिर आश्रम के पीठाधीश्वर महंत राधेश्याम व्यास महाराज ने कहा कि शिवमहापुराण हिंदू धर्म के 18 प्रमुख पुराणों में से एक अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण ग्रंथ है। इसमें भगवान शिव की महिमा, उनकी लीलाएं, अवतार, भक्ति और पूजा पद्धति का विस्तृत वर्णन मिलता है। उन्होंने बताया कि इस ग्रंथ में ज्ञान, भक्ति, योग, सृष्टि की उत्पत्ति और जीवन के आध्यात्मिक रहस्यों का सार समाहित है। उन्होंने बताया कि शिवमहापुराण का श्रवण करने से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है और मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि शिवमहापुराण की रचना महर्षि वेदव्यास ने की थी और इसमें सात खंड तथा लगभग 24 हजार श्लोकों का वर्णन मिलता है।


महंत जी ने कहा कि शिवमहापुराण केवल एक धार्मिक कथा ही नहीं बल्कि यह मानव जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्गदर्शक भी है। सनातन उत्थान सेवा संघ के तत्वावधान में आयोजित शिवमहापुराण कथा में प्रतिदिन शिवभक्ति, भजन और कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म और आध्यात्म का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम में महंत जी के उत्तराधिकारी शशिकांत वशिष्ठ, व्यवस्थापक सौरभ वशिष्ठ, प्रियंका वशिष्ठ, सौरभ मिश्रा, लव कुमार, सुमित कुमार अवस्थी, दीपक कुमार शुक्ला, रमेश शंकर तिवारी, राजेंद्र प्रसाद अग्निहोत्री, राकेश मिश्रा, जगन्नाथ, वंश कुमार मौजूद रहे।

# शिविर में मनाया गया खेल दिवस




**नगीना (चिंगारी)।** लाला राधे श्याम महिला महाविद्यालय में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के शिविर का दूसरा दिन खेल दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम अधिकारी वैशाली गौतम व वंदना ने संयुक्त रूप से खेलों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने, खिलाड़ियों को सम्मानित करने और फिटनेस के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से सभी प्रकार के खेलों में रुचि बढ़ाने तथा हमेशा खेल के प्रति सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया। इस मौके पर खेलों के प्रति जागरूक करने के लिए गांव में एक जागरूकता रैली निकाली गई। इस मौके पर अलीशा परवीन, सानिया सिद्दीकी, इरम, मोनिका, विशाखा सैनी, सादिया, सलोनी, निधि, उपासना, वंदना आदि मौजूद रही।

# खंडहर में तब्दील हो रहे कांशीराम आवास : ब्रह्मपाल


ब्रह्मपाल सिंह

**धामपुर (चिंगारी)।** बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा प्रभारी ब्रह्मपाल सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी का चाल, चरित्र और चेहरा हमेशा से ही दलित पिछड़ा, मुस्लिम विरोधी रहा है। प्रेस को जारी एक विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि 23 करोड़ से निर्मित 723 कांशीराम आवास बहुजन समाज पार्टी के शासनकाल में बने थे। इनमें हल्दौर मे 106, धामपुर में 252, शेरकोट में 125, और चांदपुर में 240 आवासों का निर्माण हुआ था। परंतु 2012 में सत्ता परिवर्तन होने के बाद समाजवादी पार्टी की सरकार बनीं। मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस योजना को बंद कर दिया। यही नहीं ऐसी 27 योजनाओं को जो जनहित में गरीबों के लिए बनी थी, सबको बंद कर दिया। कुछ का नाम बदल दिया गया। बीएसपी सरकार के तमाम आदेशों को पलट दिया गया। 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनीं। 2022 में भी इस योजना में बने आवासों को नजरअंदाज कर दिया गया। उन्होंने कहा कि 18 साल में यह आवास खंडहर में तब्दील हो गए हैं, किंतु अभी तक आवास आवंटन नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि इस बारे में प्रशासन का कहना है कि शासन से पत्राचार किया गया है। निर्देश मिलते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# डीआईजी अजय कुमार साहनी के निर्देशन में बरेली रेंज ने IGRS शिकायत निस्तारण में पाया प्रथम स्थान



**बरेली (चिंगारी)।** पुलिस उपमहानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र, बरेली अजय कुमार साहनी के निर्देशन में शासन द्वारा संचालित जनसुनवाई समाधान प्रणाली (IGRS) के माध्यम से प्राप्त जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण पर शासन द्वारा जारी रैंकिंग में एक बार फिर फरवरी माह-2026 में बरेली परिक्षेत्र ने उत्तर प्रदेश में 'प्रथम स्थान' प्राप्त किया।

माह फरवरी-2026 में बरेली परिक्षेत्र के जनपद बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर व जनपद पीलीभीत द्वारा संयुक्त रुप से प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है तथा परिक्षेत्र के कुल 85 थानों को भी संयुक्त रुप से प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जनपद बरेली के 28 थाने, अलीगंज, महिला थाना, सुभाषनगर, फतेहगंज प., किला, शेरगढ़, सीबीगंज, विशारतगंज, शाही, बारादरी, इज्जतनगर, देवरनियां, क्योलड़िया, भुता, हाफिजगंज, भोजीपुरा, बहेड़ी, मीरगंज, नवाबगंज, आंवला, भमोरा, शीशगढ़, प्रेमनगर, कोतवाली, सिरौली, फरीदपुर, कैन्ट, फतेहगंज पूर्वी, जनपद बदायूं के 19 थाने कुवरगांव, महिला थाना, बिनावर, जरीफनगर, अलापुर, सहसवान, इस्लामनगर, वजीरगंज, मुजरिया, बिल्सी, बिसौली, उझानी, कादरचौक, उघैती, उसैहत, मुसाझाग, हजरतपुर, कोतवाली, सिविल लाइंस जनपद पीलीभीत के समस्त 17 थाने महिला थाना, माधोटांडा, बरखेड़ा, करेली, कोतवाली, हजारा, जहानाबाद, सेहरामऊ उत्तरी, दियोरिया कलां, घुंघचाई, न्यूरिया, पूरनपुर, गजरौला, बीसलपुर, सुनगढी, अमरिया, बिलसंडा जनपद शाहजहांपुर के 21 थाने महिला थाना, रामचंद्रमिशन, खुटार, सिंधौली, कोतवाली, परौर, बण्डा, कलान, अल्हागंज, सेहरामऊ दक्षिणी, रोजा, मदनापुर, निगोही, कांट, सदर बाजार, पुवायां, गढ़िया रंगीन, जैतीपुर, तिलहर, कटरा, खुदागंज, ने संयुक्त रुप से प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में विगत माह में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर परिक्षेत्र कार्यालय में कार्यरत आईजीआरएस कर्मी उ.नि. शालू, कम्प्यूटर ऑपरेटर अमरेन्द्र कुमार व आरक्षी सलिल सक्सेना को नगद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। परिक्षेत्र के जिन जनपदों/थानों का आईजीआरएस के जन शिकायतों के निस्तारण में प्रदर्शन संतोषजनक नही रहा है, उनके कार्यो की समीक्षा की जायेगी।

# दरगाह पर हज़रत अली की शहादत पर ताबूत बरामद किया

## गमगीन माहौल में मौला अली की बारगाह में पुरसा दिया

नजीबाबाद (चिंगारी)। विश्व प्रसिद्ध दरगाह ए आलिया नजफ ए हिन्द जोगीपुरा में मौला ए कायनात दामाद ए पयम्बर शिया मुसलमानों के पहले इमाम हजरत अली की शहादत के अवसर पर ताबूत बरामद किया गया। जिसमे हिंदुस्तान के कोने-कोने से आये हजारों जायरीनों ने बहुत गमगीन माहौल मे मौला अली की बारगाह में पुरसा दिया। उन्हें मस्जिदे कुफा में सुबह की नमाज के वक्त इब्ने मुलजिम नामक व्यक्ति ने जहर से बुझी हुई तलवार सर पर मारकर सजदे की हालत में गभीर रूप से घायल कर दिया था। बीस रमजान को आपकी शहादत हो गयी। मौला अली के रोजे में शाम 4 बजे एक मजलिस मरहूम युसुफ रजा नकवी की बरसी पर मुनक्कीद की गयी। जिसे पूर्व उपसचिव हुज्जतुल इस्लाम मौलाना फिरोज हैदर नकवी ने खिताब किया। इस सिलसिले में मस्जिद में एक मजलिसे अजा रात्रि 10 बजे शुरू हुई जिसकी मरसियाखानी फिरोज हैदर नकवी व उनके हमनवा ने की। मजलिस को खतीबुल हिन्द अल्लामा मौलाना शबाब नकवी सिरसी ने खिताब करते हुए फरमाया कि मौला अली अपने जीवन भर गरीबो, यतीमों व समाज में कमजोर लोगों की मदद करते रहे। आपने इस्लाम के विस्तार के लिये कई जंगों को फतह किया। ताबूत मे शिरकत करने के लिये हिंदुस्तान की मशहूर अंजुमनों ने भाग लेकर नोहाखानी व सीनाजनी की। इस सिलसिले में दूसरी मजलिस व ताबूत मौला अली के रोजे से सुबह की नमाज के बाद बरामद किया गया। मजलिस को कोअर्डिनेटर डॉ. मिर्जा शफीक हुसैन शफक ने खिताब किया। इस प्रोग्राम का संचालन नसीमुल बाकरी ने किया। अंत में प्रशासक मौलाना शबाब नकवी ने सभी मेहमानो व जायरीनों का शुक्रिया अदा किया। इस अवसर पर चौधरी उरुज आलम, नेता मुसायब हुसैन, मौलाना फिरोज हैदर नकवी, प्रबन्धक हुसैन मेहंदी, चौधरी सीरत उरुज, मोमिन रजा आदि मौजूद रहे।


जोगीपुरा दरगाह पर ताबूत बरामद करते शिया समुदाय के लोग।


शगुन कौशल का स्वागत करते पूर्व सांसद गिरीशचंद।

# पूर्व सांसद ने शगुन कौशल का स्वागत किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद के आदर्शनगर में डॉ. अंबेडकर धर्मशाला में शगुन कौशल के आईएएस बनने पर उनका स्वागत किया गया। शगुन कौशल के सिविल सेवा परीक्षा में 145 वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन करने पर बसपा के पूर्व सांसद ने उनका फूल माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर, बुके देकर तथा शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। शगुन व उसके परिवार को डॉक्टर अंबेडकर का चित्र भेंट किया गया। कई दशको के बाद दलित समाज के बेटे का आईएएस के लिए चयन होने पर बधाई दी। उनकी इस शानदार सफलता से परिवार व पूरे दलित समाज व क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर डीपी सिंह रवि जिलाध्यक्ष, नरेंद्र कुमार रवि (विधानसभा प्रभारी), भूपेंद्र रंजन (बामसेफ जिला अध्यक्ष), विजेंद्र कश्यप, सुरेंद्र सिंह, डॉक्टर कलवा विश्वकर्मा, इफ्तिखार उर्फ भूरे, अशोक कुमार, अमिताभ सिंह, डॉक्टर राकेश कुमार, बीपी सिंह, नरेंद्र सिंह, डॉ. मलखान सिंह, जबर सिंह, अमर सिंह, नरेंद्र सिंह, शैलेंद्र रंजन, अरुण भंडारी, पवन भारती आदि ने बधाई दी।

# राज्य कर को करोड़ों का चूना लगाने के मामले में मुकदमा दर्ज

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद पुलिस ने आखिरकार राज्य कर नजीबाबाद के डीसी की तमाम मशक्कत के बाद जिला स्तरीय पुलिस टीम की मैराथन जांच के बाद स्थानीय लोहा माफिया के कारिंदे रोहित के खिलाफ फेक फर्मों से व्यापार करने के आरोप में दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की हैं। राज्य कर जनपद बिजनौर के नजीबाबाद खंड के डीसी शैलेन्द्र सिंह के प्रार्थना पत्रों के आधार पर एसपी बिजनौर ने एडिशनल एसपी नगर व सीओ सीटी के नेतृत्व में जांच के लिए टीम गठित की थी। पुलिस टीम की जांच के बाद नजीबाबाद पुलिस ने रोहित गुप्ता पुत्र सुभाष चंद गुप्ता निवासी मौहल्ला मुक्तेश्वर महादेव के विरुद्ध फेक फर्मों से व्यापार कर राज्य कर विभाग को करोड़ों का चूना लगाने के आरोप में एफआईआर दर्ज कर आरोपी रोहित गुप्ता की तलाश शुरू कर दी। उल्लेखनीय है कि रोहित गुप्ता के विरुद्ध जनपद सम्भल के थाना राय सत्ती में भी राज्य कर अधिकारी ऋषि पाल सिंह की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। पुलिस ने राज्य कर नजीबाबाद के डीसी की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए नजीबाबाद के मौहल्ला मकबरा निवासी जितेंद्र पाल पुत्र रघुवीर सिंह व मौहल्ला मुगलूशाह निवासी साजिदा पत्नी जहीर के विरुद्ध फेक फर्मों से व्यापार कर राज्य कर विभाग को करोड़ों का चूना लगाने के आरोप में दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज करते हुए जांच शुरू की हैं।

# टूटी सड़क की कालोनीवासियों ने अपने खर्च से मरम्मत करायी

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के बुंदकी मार्ग स्थित न्यू लक्ष्मी नगर कालोनी (जालबपुर गुदूड़) में टूटी सड़क व गहरे गड्ढे होने से कालोनी वासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सड़क पर गहरे गड्ढे से दुर्घटना का खतरा बना रहता था। सड़क से स्कूली बच्चों को निकलने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जिसे देखते हुए कालोनी वासियों ने ग्राम प्रधान को भी कई बार अवगत कराया लेकिन कालोनी का मुख्य मार्ग सही नहीं हो पाया। जिसके बाद कालोनी वासियों ने आपस में रुपए एकत्रित कर उक्त सड़क पर गहरे गड्ढों को भरवाकर सड़क को सही कराया। कालोनी वासियों ने बताया कि बरसात के दिनों में तो कालोनी की सड़कों पर पानी भर जाने से उक्त सड़क से निकलना दुश्वार हो जाता था। सड़क पर पानी भर जाने से बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। सड़क को सही ना करायें जाने की स्थिति में कालोनी वासियों ने स्वयं ही सड़क को सही करना उचित समझा। कालोनी वासियों ने यह भी बताया कि कालोनी में पानी की निकासी, बिजली पानी आदि की व्यवस्था का बुरा हाल है। शिकायत किये जाने पर भी कोई हल नहीं हो पा रहा है। कालोनाइजर कालोनियों को काट बेच देते हैं, लेकिन जरूरी सुविधाओं को उपलब्ध नहीं कराया जाता। नगर में अनेकों कालोनी अवैध रूप से काटी गई है। लेकिन प्रशासन अवैध कालोनियों पर कोई ध्यान नहीं दे रहा। इस मौके पर राकेश कुमार, पवन कुमार, यश चौधरी, बुंदिया, अमित कुमार, राज कुमार, विजय पाल सिंह, सुधीर चौहान सहित अनेक कालोनी वासी उपस्थित रहे।




टूटी कीचड़ भरी सड़क व ठीक कराए जाने के बाद सड़क।


खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans


सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476



## सूचना

मेरा पुत्र शुभम खन्ना अपनी पत्नी कोमल टंडन के कहने में आकर मेरे व परिवार के साथ अभद्र व्यवहार करता है। मैने मजबूर होकर शुभम खन्ना को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, उससे समस्त प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर दिये है। शुभम खन्ना के किसी भी प्रकार के कृत्यों से मेरा व मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं होगा।

**-अरूण खन्ना पुत्र कृष्ण कुमार खन्ना, निवासी माल गोदाम तिराहा वाहिदनगर, नजीबाबाद जिला बिजनौर**

# मुरादाबाद अपर आयुक्त ने तहसील व नगरपालिका का किया निरीक्षण

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। मुरादाबाद अपर आयुक्त प्रशासन अरुण कुमार सिंह ने तहसील नजीबाबाद पहुंचकर संबंधित विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके द्वारा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। अपर आयुक्त अरुण कुमार सिंह मुरादाबाद मंडल द्वारा एसडीएम कोर्ट, पूर्ति कार्यालय, भूलेख विनियमित विभाग, क्षेत्र, तहसील से संबंधित अन्य विभागों के अभिलेखों का निरीक्षण किया। इसी के साथ ब्लॉक नजीबाबाद व नगर पालिका परिषद नजीबाबाद का भी निरीक्षण किया। इन सभी संबंधित विभागों के अभिलेखों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। इस मौके पर उनके साथ डिप्टी कमिश्नर गजेंद्र प्रताप सिंह, एसडीएम शैलेंद्र कुमार, तहसीलदार संतोष कुमार, नायब तहसीलदार अमित कुमार, नायब तहसीलदार ममता आदि अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।**

# वर्तमान परिस्थितियों में स्वदेशी कार्य का करेंगे बहुमुखी विस्तार





## प्रशांत महर्षि को स्वदेशी जागरण मंच का प्रांत संयोजक घोषित किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्वदेशी जागरण मंच की दो दिवसीय राष्ट्रीय परिषद बैठक ऐतिहासिक नगरी जयपुर में 7-8 मार्च को सम्पन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ केन्द्रीय अधिकारी वी. भाग्गैया जी एवं स्वान्त रंजन जी का विशेष सानिध्य प्राप्त हुआ। स्वदेशी जागरण मंच से आर. सुन्दरम जी, डा. भगवती प्रकाश शर्मा, कश्मीरी लाल जी सहित सभी केन्द्रीय अधिकारियों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक से पूर्व स्थानीय इकाई द्वारा आयोजित उद्यमी सम्मान समारोह एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने किया। बैठक में सभी प्रदेशो से 400 के लगभग कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विचार परिवार से विद्यार्थी परिषद, ग्राहक पंचायत, विद्या भारती, हिन्दू जागरण मंच, सहकार भारती सहित गायत्री परिवार, कनेरी मठ, जागृति यात्रा, दे आसरा, समर्थ भारत एवं 3 बड़े व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि भी बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक में भारत एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर प्रस्ताव के साथ ही वर्तमान आर्थिक वैश्विक परिदृश्य एवं युवाओं में सोशल मीडिया के बढ़ते दुष्प्रभावों पर विशेष चर्चा हुई।

**आगामी दिनों में 4 बड़े विषयों-** विकास का भारतीय प्रतिमान, विश्व व्यापार समझौते 3-कृत्रिम बुद्धिमत्ता, युगानुकुल स्वदेशी पर कार्यदल गठन पर सहमति बनी। आगामी कार्ययोजना के अन्तर्गत स्वावलंबी भारत अभियान को विस्तार देते हुए सभी जिलों में स्वावलंबन केन्द्रों के सुदृकरण एवं उनमें जिला प्रशिक्षकों की नियुक्ति पर भी सहमति बनी। राष्ट्रीय संघटक श्री कश्मीरी लाल ने संघ के अनुभवी कार्यकर्ता प्रशान्त महर्षि को इस बैठक में इन सभी कार्यो को और अधिक गति प्रदान करने के लिए प्रान्त संयोजक, अमरोहा से सुधांशु विश्नोई एडवोकेट को सह प्रान्त संयोजक, मुरादाबाद से कपिल नारंग को सह क्षेत्र संयोजक एवं इस क्षेत्र में लंबे समय से स्वदेशी की अलख जगा रहे मुरादाबाद के डॉक्टर राजीव कुमार को राष्ट्रीय सह संयोजक स्वदेशी जागरण मंच घोषित किया गया।

## शादी कार्ड बांटकर लौट रहे बाइक सवार घायल

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** कोतवाली अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम हिदायतपुर चौहड़वाला निवासी महेश (55 वर्ष) अपने साथी सुनील (50 वर्ष) के साथ बाइक द्वारा अपने बेटे की शादी के कार्ड बांटकर घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह अफजलगढ़-कालागढ़ रोड पर मैरीलैंड बैंकट हाल के पास पहुंचे तो सामने से आ रही एक कार व उनकी बाइक में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई जिससे दोनों बाइक सवार घायल हो गए, जिन्हें सीएचसी अफजलगढ़ ले जाया गया जहां से उन्हें गम्भीरावस्था के कारण हायर सेंटर रेफर किया गया है। थानाध्यक्ष अफ़ज़लगढ़ विजेंद्र सिंह राठी के मुताबिक इस संबंध में कार्यवाही हेतु कोई तहरीर प्राप्त नही हुई है।

## असद अंसारी को सम्मानित किया



असद अकील अंसारी को सम्मानित करते मौ. जैद आदि।

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** अब्दुल रज़्ज़ाक़ फाउंडेशन व अब्दुल समी रॉयल एकेडमी अफजलगढ़ के चेयरमैन युवा नेता शेख मौ. जैद, उनके छोटे भाई एड. मौ. शान व उनकी टीम ने गत दिवस नगीना पहुंचकर सिविल सेवा परीक्षा (यूपीएससी) उत्तीर्ण करने पर असद अकील अंसारी को सम्मानित किया। इस मौके पर मौ. जैद व मौ. शान आदि ने असद के परिजनों को भी इस कामयाबी के लिए मुबारकबाद दी। मौ. जैद ने कहा कि कामयाबी एक दिन में भले ही नहीं मिलती हो, मगर मेहनत की जाए तो एक दिन जरूर मिल जाती है जिसे असद सहित इस परीक्षा में पास हुए अभ्यर्थियों ने साबित कर दिखाया है। इस मौके पर इस्लामुद्दीन कुरैशी, शाहिद सलमानी, शादाब एड., साकिब अंसारी व नदीम एड. भी मौजूद रहे।

## रोवर्स/रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन व्यायाम सिखाया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वर्धमान कालेज बिजनौर में रोवर्स/रेंजर्स के अन्तर्गत तीन दिवसीय प्रवेश प्रशिक्षण शिविर के द्वितीय दिन में महाविद्यालय परिसर में श्रीमती पुष्पा (ट्रेनर), श्रीमती रानी (ट्रेनर), महाविद्यालय में कार्यरत रोवर्स/रेंजर्स इकाई रेंजर्स क्रू प्रथम वीरांगना (प्रभारी लीडर डा. चेतना शाक्य), रेंजर्स द्वितीय प्रज्ञा (प्रभारी लीडर श्रीमती टीना अग्रवाल) तथा रोवर्स क्रू प्रथम ओजस्वी (प्रभारी लीडर आयुश बघेल), रोवर्स क्रू द्वितीय संकल्प (प्रभारी लीडर डा. कुलदीप कुमार) एवं प्रवेश प्रशिक्षण कैम्प के सभी छात्रों की उपस्थिति में रोवर्स रेंजर्स का ध्वजारोहण व ध्वजगीत का गायन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या प्रोफेसर प्रीति खन्ना ने छात्र-छात्राओं को रोवर रेंजर्स का भविष्य में होने वाले लाभ के बारे में बताया। कार्यक्रम में व्यायाम करना सिखाया। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकार की गांठ के निर्माण का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर डा. चेतना शाक्य ने प्रशिक्षण के महत्व के साथ बच्चों को पढ़ाई के अलावा सामाजिक कार्य में प्रतिभाग के लिये प्रेरित किया। श्रीमती टीना अग्रवाल ने बताया कि रोवर्स रेंजर्स के बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण के साथ-साथ शारीरिक निर्माण में सहायक है। डा. कुलदीप ने बताया कि एक अच्छे नागरिक के लिये स्वस्थ मस्तिष्क के साथ ही स्वस्थ शरीर की आवश्यकता होती है। कार्यक्रम का संचालन आयुष बघेल ने किया। शिविर में रोहित, राजू, दीपक और नकुल ने अपना सहयोग दिया।

## आवारा सांड ने महिला को पटका

**नहटौर ( चिंगारी )।** चारा लेकर घर लौट रही महिला पर सांड ने हमला कर दिया, जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मंगलवार की सायं को ग्राम कोकापुर निवासी विद्या पत्नी बाबूराम (55 वर्ष) अपने पशुओं के लिए चारा लेकर जंगल से लौट रही थी। गांव में ही घूम रहे सांड ने महिला को उठाकर पटक दिया। ग्रामीणों ने शोर मचाते हुए लाठी डंडे से भगाया गया। महिला को तत्काल नहटौर के एक हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है, जहां पर उसकी हालत में सुधार बताया जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि हिंसक हो चुके निराश्रित गोवंश की पहले भी ब्लॉक प्रशासन से शिकायत की जा चुकी है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है।



## राजकीय सम्मान के साथ हुआ यशपाल सिंह का अंतिम संस्कार

**नूरपुर ( चिंगारी )।** पूर्व राज्यमंत्री ठाकुर यशपाल सिंह का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव आजमपुर स्तिथ निजी खेत की भूमि पर किया गया। जिले से पहुंची सलामी गार्द ने उन्हें सलामी दी। जिले के अनेक विधायक, नेता, सामाजिक व्यक्ति उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

70 वर्षीय पूर्व राज्यमंत्री ठाकुर यशपाल सिंह काफ़ी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उन्होंने मंगलवार की सुबह पी जी आई अस्पताल लखनऊ में उपचार के दौरान अंतिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर गांव में लाया गया, जहां क्षेत्र के राजनैतिक, सामाजिक लोगों ने उनके अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि दी। एस डी एम चांदपुर ने प्रशासन की ओर से श्रद्धांजलि दी। घर से शुरू हुई अंतिम यात्रा में चांदपुर विधायक स्वामी ओमवेश, धामपुर विधायक अशोक राणा, पूर्व राज्यमंत्री महावीर सिंह, पूर्व परिवहन मंत्री/एमएलसी अशोक कटारिया,भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र बॉबी, ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, समाजसेवी राशु चौहान, भाजपा नेता सीपी सिंह, जिला सहकारी संघ के चेयरमैन पुष्पेंद्र शेखावत,जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष दिनेश चौधरी, नगरपालिका चेयरमैन डॉ एमपी सिंह, गन्ना समिति धामपुर के चेयरमैन रामवीर सिंह, नूरपुर मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल,डॉ विनीत देवरा, राशु चौहान, सपा नेता दीपक सैनी,खालसा कॉलेज के प्रधान जोगिंदर सिंह, जिला गुरुद्वारा कमेटी के संचालक कमलजीत सिंह नूर, सतपाल सिंह, रुट्स स्कूल के चेयरमैन शांतनु गुप्ता, सचिन राणा,व्यापारी नेता तसलीम अहमद इदरीसी, सभासद असलम मलिक, लेखपाल अमित तोमरआदि मौजूद रहे। मुखाग्नि उनके पुत्र ठाकुर आयुष चौहान ने दी।



स्वर्गीय ठाकुर यशपालसिंह के अंतिम दर्शन करते भाजपाई।

# नहटौर में रातों-रात, काट डाले आम के बाग़ात

## वन विभाग की टीम ने गश्त बढ़ायी

**नहटौर (चिंगारी)। रातों-रात आम के बाग से पेड़ काटे जाने की शिकायत मिलने पर वन विभाग सतर्क हो गया है। वन विभाग की टीम ने आम के बागों की गश्त बढ़ा दी है।**

नहटौर नगर के चारों ओर आम के बाग बड़ी संख्या में थे, लेकिन समय के चलते बागों के पुराने होने या कुछ पेड़ों के सूखने के बाद वन विभाग की ओर से नियमानुसार जारी हुए परमिट के आधार पर पेड़ काटे गये। बताया जाता है कि हाल ही में नूरपुर रोड पर और कोतवाली रोड पर आम बाग के पेड़ काटे जाने की कुछ लोगों द्वारा वन अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायतकर्ताओं का आरोप था कि रात के अंधेरे में लकड़ी ठेकेदार आम के बाग को काटने की फिराक में है। सूचना मिलने के उपरांत से वन विभाग की टीम ने काटे जाने वाले संभावित बागों पर गश्त बढ़ा दिया है। बताया जाता है कि वन विभाग की टीम दिन के साथ-साथ रात्रि में भी बागों पर गश्त कर रही है। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि हाल ही में एक बाग में 10 पेड़ों के परमिट की आड़ में छोटे-छोटे भी कई पेड़ काट दिए थे। पर्यावरण से जुड़े लोगों ने बताया कि वर्तमान समय में आम के पेड़ो पर बौर (मौल)आ गया है। ऐसे में पेड़ों को काटने की अनुमति वन विभाग और उद्यान विभाग जारी न करें। वन अधिकारियों ने बताया कि यह रूटीन गश्त होती है जो समय-समय पर की जाती है।


फाइल फोटो

### महज तीन लोगों की तैनाती..

*नहटौर क्षेत्र काफी बड़ा है। यहां पर गुलदार से जुड़ी घटनाएं भी बढ़ी है और आम के बाग एवं प्रतिबंध पेड़ों की संख्या भी अधिक हैं, जिनकी रक्षा और सुरक्षा के लिए महज तीन लोग कार्यरत हैं। एक वन रक्षक एवं दो दैनिक श्रमिक कर्मचारी है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र काफी बड़ा है। इसके हिसाब से वन विभाग को नहटौर में स्टाफ भी बढ़ाना चाहिए। कम संसाधन के साथ न्यूनतम स्टॉफ विस्तृत क्षेत्रफल को कवर कर रहा है। वन रेंजर शशांक गुप्ता शिकायत मिलने पर अनाधिकृत रूप से पेड़ो के कटान को रोकने के लिए गश्त को बढ़ाया जाता है। टीम पूरी मुस्तैदी के साथ काम कर रही है क्षेत्रफल बड़ा होने के बाद भी कम स्टाफ द्वारा निगरानी की जा रही है। स्टाफ बढ़ाने के लिए उच्च स्तर पर पत्र लिखा जाएगा।*

# तमंचा लहराते युवक का वीडियो वायरल, पुलिस ने लिया संज्ञान

**मंडावर (चिंगारी)।** मंडावर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में युवक हाथ में तमंचा लेकर उसे लहराते हुए रील बनाता दिखाई दे रहा है। वीडियो सामने आने के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। बता दें कि चिंगारी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि युवक ने खुद ही तमंचा हाथ में लेकर वीडियो बनाई और उसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर दिया। कुछ ही समय में वीडियो तेजी से वायरल हो गई। वीडियो में युवक बेखौफ अंदाज में हथियार का प्रदर्शन करता नजर आ रहा है, जिससे क्षेत्र के लोगों में चिंता जताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने कहा कि पिछले कुछ समय से युवाओं में सोशल मीडिया पर लाइक और फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए हथियारों के साथ फोटो और वीडियो बनाने का चलन बढ़ता जा रहा है। हालांकि, पुलिस द्वारा समय-समय पर ऐसे मामलों में कार्रवाई भी की जाती है, इसके बावजूद कुछ युवक इस तरह के खतरनाक शौक से बाज नहीं आ रहे हैं। उधर मामले को लेकर पुलिस भी सतर्क हो गई है। वहीं थानाध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि वायरल वीडियो संज्ञान में आ गया है, वायरल वीडियो करीब छः माह पुराना है। वीडियो में मंडावर क्षेत्र के ही ग्राम रावली का युवक है, जिसकी गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गई है। जल्द गिरफ्तारी कर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# बारात आने से पहले दूल्हा ग़ायब

## धरी की धरी रह गई सारी तैयारियां

**नहटौर (चिंगारी)। बारात लाने से पहले ही दूल्हा गायब हो गया। संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हुए दूल्हे के लापता होने की जानकारी मिलते ही दुल्हन पक्ष में हड़कंप मच गया। पूरा दिन इंतजार करने के बाद भी बारात नहीं आई। पीड़ित दुल्हन पक्ष द्वारा पुलिस में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है।**

नहटौर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का विवाह चांदपुर स्थित एक गाँव निवासी युवक से तय किया गया था। विवाह से पहले लग्न रिश्ता भी बड़े जोर से हुआ था। मंगलवार (10 मार्च)को दूल्हे पक्ष को बारात लेकर दुल्हन के घर पहुंचना था, जिसकी पूरी तैयारी हो गई थी। बताया जाता है कि बारात लाने से पहले ही दूल्हा अपने घर से गायब हो गया। समय बीतने के बाद भी बारात में आने पर जब दुल्हन पक्ष ने संपर्क किया तो संदिग्ध परिस्थितियों में दूल्हे के गायब होने की जानकारी मिली, जिससे दुल्हन पक्ष में हड़कंप मच गया। सुबह से लेकर शाम तक बारात आने का इंतजार होता रहा, लेकिन बारात नहीं आई, जिसके कारण सारी तैयारी धरी की धरी रह गई। दुल्हन पक्ष ने मामले की पुलिस से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक क्राइम विपिन कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई थी। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दुल्हन के हाथों में मेहंदी, आंखों में आंसू

**युवती की बारात नहीं आने से जहां सारी तैयारियां धरे की धरी रह गई, वहीं दुल्हन के रूप में सजी युवती के हाथों में मेहंदी और आंखों में आंसू आ गये। दुल्हन का रो-रो कर बुरा हाल है। इतना ही नहीं, दुल्हन पक्ष के परिजनों में भी मायूसी छा गई है। पिता सहित परिजनों में रुदन है। पीड़ित परिजन रूंध गले से लोगों से अपनी व्यथा बता रहे हैं।**



सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद
शहज़ाद अहमद
जिला महासचिव बिजनौर
(आजाद समाज पार्टी कां.)
पूर्व चेयरमैन, झालू न.पा. (बिजनौर)
सम्भावित प्रत्याशी 22-विधानसभा, बिजनौर
इक्कीसवां रोज़ा : बुधवार 11 मार्च
इफ्तार सुन्नी 6:26, शिया 6:36
बाइसवां रोज़ा : बृहस्पतिवार, 12 मार्च
सहरी- सुन्नी 5:08 शिया 5:01

शहजाद अहमद


# शिक्षकों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया

**बिजनौर (चिंगारी)।** दिनांक 7 मार्च से 10 मार्च तक डायट इस्माईलपुर बिजनौर में डायट प्राचार्य महावीर सिंह के निर्देशन में नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप तीन दिवसीय 'आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण' प्रदान किया गया। शिक्षकों व विद्यालय तक व्यवसायिक शिक्षा पहुंचाने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट व कस्तूरबा स्कूल के शिक्षकों को प्रदान किया जाएगा। प्रथम बैच में लगभग 100 शिक्षकों ने यह प्रशिक्षण प्राप्त किया। टैक्सटाइल इस प्रशिक्षण का मुख्य विषय रहा। टैक्सटाइल डिजाइनर श्रीमती मंजू त्यागी ने विभिन्न प्रकार के डेमोस्ट्रेशन देकर शिक्षकों का कौशल विकसित किया। प्रथम दिन स्प्रे प्रिंटिंग और ब्लॉक प्रिंटिंग के डेमो दिये गये, जिसमें स्टेंशिल तैयार कर रैक्सीन पर डिजाइन बनाया गया और विभिन्न प्रकार की मैटल तैयार की गयी। दूसरा डेमो में लकड़ी के ब्लाक द्वारा कपड़े पर प्रिंटिंग की गयी। प्रशिक्षण के दूसरे दिन स्टेंसिल तैयार कर चादर प्रिंट की गयी। प्रशिक्षण के तीसरे दिन टाई एण्ड डाई के द्वारा विभिन्न प्रकार के दुप्पटे और शॉल प्रिंट किये गये और वाटिका प्रिंटिंग द्वारा पिलो कवर, सूट व शर्ट पर डिजाइन किया गया। इस प्रशिक्षण ने सभी प्रतिभागियों का मन मोह लिया। प्रशिक्षण के प्रथम बैच में 100 से अधिक शिक्षकों ने प्रशिक्षण लिया। ब्लॉक अल्हैपुर, आकू, अफजलगढ़, हल्दौर व जलीलपुर प्रत्येक ब्लॉक से 20-20 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।



### टैक्सटाइल के प्रति रूचि बढ़ेगी

**कार्यक्रम संयोजक श्रीमती निशा रानी ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं में रूचि उत्पन्न करना है। शिक्षकों और बच्चों में टैक्सटाइल के प्रति रूचि बढ़ेगी तो व्यवसाय को भी बढ़ावा मिलेगा। डायट के प्रवक्ता कुलदीप त्यागी, प्रशिक्षण प्रभारी श्रीमती प्रीति रानी, श्रीमती पारूल ने सभी शिक्षकों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।**


ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# कार्यालय- जिला कार्यक्रम अधिकारी, बिजनौर।

**पत्रांक/ जि.का.अ./ आ.बा. कार्य. चयन / 2025-26/** **दिनांक :-10/03/2026**

## विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या-2025/3313/58-1-2025(1917687) दिनांक 17 सितम्बर 2025 क्रम में जनपद बिजनौर मे बाल विकास सेवा एंव पुष्टाहार विभाग के अर्न्तगत संचालित 13 बाल विकास परियोजनओं मे पूर्व चयन से अवशेष मानदेय आधारित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियो के रिक्त कुल 41पदों पर महिला अभ्यर्थियों से तत्सम्बन्धित पोर्टल http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते है। सहायिकाओं के रिक्त पदों का विकास खण्डवार विवरण निम्नवत है-

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | ग्रामीण/शहरी | आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदो की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | शहर बिजनौर | शहरी | 7 |
| 2. | मौ.पुर देवमल | ग्रामीण | 4 |
| 3. | हल्दौर | ग्रामीण | 1 |
| 4. | खारी झालू | ग्रामीण | 2 |
| 5. | जलीलपुर | ग्रामीण | 3 |
| 6. | नूरपुर | ग्रामीण | 5 |
| 7. | अफजलगढ़ | ग्रामीण | 1 |
| 8. | स्योहारा | ग्रामीण | 1 |
| 9. | धामपुर | ग्रामीण | 5 |
| 10. | नहटौर | ग्रामीण | 2 |
| 11. | किरतपुर | ग्रामीण | 2 |
| 12. | नजीबाबाद | ग्रामीण | 7 |
| 13. | कोतवाली | ग्रामीण | 1 |
| | कुल योग | | 41 |

उपरोक्त पदों का ग्राम सभा/वार्डवार विवरण, आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील, विकास खण्ड, सम्बन्धित बाल विकास परियोजना कार्यालय एंव अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है।

चयन हेतु पात्रता/अर्हता एंव ऑनलाईन आवेदन के सम्बन्ध मे निर्देश:-

01- आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट अथवा उसके समकक्ष होना अनिवार्य है। अधिकतम शैक्षिक योग्यता परास्नातक है।

02- आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड / ग्राम सभा की स्थाई निवासी होना अनिवार्य है।

03- आवेदिका की आयु 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष से कम एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

04- विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 01-04-2026 मध्य रात्रि 12:00 बजे तक होगी। विज्ञापित पदों हेतु केवल ऑनलाइन आवेदन ही मान्य होंगे। ऑफलाइन आवेदन किसी भी दशा में स्वीकार्य नही होंगे।

05- आय प्रमाण-पत्र के सम्बन्ध मे उ.प्र. शासन के राजस्व अनुभाग-9 द्वारा निर्गत शासनादेश सं0-3959/1-9-11-राज.-9, दिनांक 30-09-2021 (यथा संशोधित) के क्रम में सक्षम स्तर से निर्गत आय प्रमाण-पत्र ही मान्य होंगे, जिनका ऑनलाईन सत्यापन सम्भव हों।

06- गरीबी रेखा की आय सीमा का पुर्ननिर्धारण किये जाने के सम्बन्ध में समाज कल्याण अनुभाग-2, उ.प्र. शासन के शासनादेश सं0-22/2015/2123/26-2-2015, दिनांक: 14 सितम्बर 2015 (यथा संशोधित) द्वारा ग्रामीण एंव शहरी क्षेत्र में गरीबी रेखा हेतु निर्धारित आय सीमा (ग्रामीण क्षेत्र में रू.-46,080/- एंव शहरी क्षेत्र में रू.-56,460/- वार्षिक) का अनुपालन किया जायेगा।

07- विधवा हेतु ग्राम पंचायत अधिकारी/नगर निकाय द्वारा निर्गत मृत्यु प्रमाण-पत्र एंव परिवार पंजिका की प्रमाणित नकल मान्य होगी।

08- तलाकशुदा/परित्यक्ता के सम्बंध में मा. न्यायालय द्वारा निर्गत विधि आदेश मान्य होंगे।

09- एक आंगनबाड़ी केंद्र पर एक ही परिवार की दो महिलाओं की नियुक्ति आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर नहीं की जायेंगी।

**( विमल कुमार चौबे )**
जिला कार्यक्रम अधिकारी
बिजनौर

# BCCI टीम इंडिया को 131 करोड़ देगा



**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने पर टीम इंडिया के लिए 131 करोड़ रुपए के इनाम का ऐलान किया है। यह पैसा खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ में बंटेगा। भारत ने रविवार को टी-20 वर्ल्ड चैंपियन का खिताब अपने नाम किया था। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया और ट्रॉफी जीती थी। इसके साथ ही टीम इंडिया ने अपना खिताब बरकरार रखा और टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में लगातार दो बार ट्रॉफी जीतने वाली पहली टीम बन गई। BCCI ने खिलाड़ियों, सपोर्ट स्टाफ और सिलेक्टर्स को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी है। बोर्ड ने उम्मीद जताई कि टीम भविष्य में भी इसी तरह शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करती रहेगी। रिपोर्ट के मुताबिक, टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के बाद भारतीय टीम को 3 मिलियन डॉलर (करीब 27.5 करोड़ रुपए) की इनामी राशि मिली।

# समान नागरिक संहिता पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, कानून जरूरी, पर फैसला संसद पर

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को पर्सनल कानूनों से सामने आने वाली कानूनी जटिलताएं दूर करने और महिलाओं के हकों को पक्का करने के लिए समान नागरिक संहिता की जरूरत पर बल देते कहा है कि इस बारे में कानून बनाने का फैसला संसद के विवेक पर निर्भर करता है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जोयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति जे.आर. महादेवन की पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह बात कही। याचिका में मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट, 1937 के उन प्रावधानों को चुनौती दी गई थी, जो कथित तौर पर उत्तराधिकार के मामलों में मुस्लिम महिलाओं से भेदभाव करते हैं। न्यायालय ने पाया किया कि एक बड़े कानूनी ढांचे (जैसे यूसीसी) के बिना महज पर्सनल कानूनों के प्रावधानों को खारिज करने से कानूनी रूप से एक खालीपन पैदा हो सकता है। पीठ ने सवाल किया कि अगर 1937 के अधिनियम को असंवैधानिक घोषित कर दिया जाता है, तो उत्तराधिकार के लिए कौन सा कानूनी शासन लागू होगा? याचिकाकर्ता के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने तर्क दिया कि भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम इस कमी को पूरा कर सकता है और पुरुषों व महिलाओं के लिए समान विरासत अधिकार सुनिश्चित कर सकता है। यह देखते हुए कि याचिका में जटिल सामाजिक और कानूनी मुद्दे शामिल हैं, अदालत ने याचिकाकर्ताओं को अपनी याचिका में संशोधन करने और व्यावहारिक विकल्प प्रस्तावित करने का सुझाव दिया।

# जनता दर्शन में डीएम ने सुनीं फरियादियों की शिकायतें

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** देहरादून जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित ऋषिपर्णा सभागार में जनता दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए

## संबंधित अधिकारियों को दिये समाधान के निर्देश



फरियादियों ने अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जनता दर्शन में कुल 170 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता दर्शन में आने वाले व्यथित, असहाय, बुजुर्ग, महिलाओं तथा जरूरतमंद लोगों की शिकायतों का समयबद्ध और संवेदनशीलता के साथ निस्तारण किया जाये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रकरण में की गई कार्रवाई की जानकारी जिलाधिकारी कार्यालय के साथ-साथ संबंधित शिकायतकर्ता को भी उपलब्ध कराई जाये, जिससे समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सके। जनता दर्शन में बंजारावाला निवासी कल्पना ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई कि उनकी पुत्री विदुषी, जो फाईलफोर्ट पब्लिक स्कूल में कक्षा 6 की छात्रा है, आर्थिक तंगी के कारण स्कूल की फीस जमा नहीं कर पाई है, जिसके चलते विद्यालय प्रबंधन उसे परीक्षा में बैठने से रोक रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को विद्यालय प्रबंधन से समन्वय स्थापित कर छात्रा को परीक्षा में सम्मिलित कराने तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी को प्रोजेक्ट नंदा-सुनंदा योजना के अंतर्गत उसकी स्कूल फीस जमा कराने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये जवाहर कॉलोनी, बल्लूपुर निवासी शमशाद ने बताया कि वर्ष 2023 में एक दुर्घटना में उनका पैर गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था और उनका उपचार चल रहा है। आय का कोई साधन न होने के कारण उन्होंने आर्थिक सहायता की मांग की। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत करने तथा प्रभारी अधिकारी शस्त्र को रायफल फंड से आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त तहसील चकराता के ग्राम कांडोई निवासी अनिल कुमार, खुड्बुड़ा निवासी सरिता गोयल, गढ़ी कैंट डाकरा की बुजुर्ग महिला ने भी अपनी परेशानियां बताईं। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक समय पर सहायता पहुंचाना है।

## किशोरी को ले उड़ा अजीत चौहान

**हरिद्वार (चिंगारी)।** नगर कोतवाली क्षेत्र से एक 15 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसला कर अपहरण कर ले जाने के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। लालजी वाला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उनकी 15 वर्षीय पुत्री 8 मार्च की रात घर से गायब हो गई। आरोप लगाया कि अजीत चौहान उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। एसएचओ रितेश शाह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, जल्द ही किशोरी को ढूंढ लिया जाएगा।

# उपभोक्ता घबरा रहे बेकार, हमारे पास पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस का है पर्याप्त भण्डार

## पेट्रोल पम्प स्वामी व गैस संचालिका ने किया आश्वस्त

**कोटद्वार (चिंगारी)।** पश्चिम एशिया के देशों में जारी जंग के बीच पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस की किल्लत की अफवाहों ने आम जन की परेशानियों को बढ़ा दिया है। वहीं सरकार की ओर से रसोई गैस को लेकर जारी नए निर्देशों से भी लोग परेशान दिखाई दे रहे हैं, जबकि रसोई गैस एजेंसी संचालकों और पेट्रोल पंप मालिकों का कहना है कि अभी उनके पास पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस का पर्याप्त भंडार मौजूद है और लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। इस संबंध में सिद्धबली इंडेन गैस एजेंसी संचालिका अनीता आर्य ने बताया कि वर्तमान में सरकार द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग को लेकर एक सख्त नियम लागू कर दिया गया है। अब दो गैस सिलेंडरों की बुकिंग के बीच कम से कम 25 दिन का अंतर होना जरूरी है। इसका मतलब है कि एक बार सिलेंडर बुक करने के बाद आप अगले 25 दिनों तक दूसरा सिलेंडर बुक नहीं कर पाएंगे। मंत्रालय का मानना है कि इस कदम से गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी पर लगाम लगेगी। अक्सर देखा जाता है कि सप्लाई कम होने की खबर मिलते ही लोग जरूरत से ज्यादा सिलेंडर स्टोर करने लगते हैं, जिससे असली जरूरतमंदों को परेशानी होती है। बताया कि अभी उनके भंडार में पर्याप्त मात्रा में रसोई गैस उपलब्ध है। आम जन को घबराने के बजाय सरकार के निर्देशों का पालन करना चाहिए। वहीं मोटर नगर स्थित पम्मी पेट्रोल पंप के मालिक अखिलेश नेगी ने बताया कि अभी पेट्रोल, डीजल की सप्लाई सुचारू है और लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है।

# छात्र-छात्राओं को नागरिक के कर्तव्यों की जानकारी दी

**कोटद्वार (चिंगारी)।** दुगड्डा ब्लाक के पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज बल्ली में सिटिजनशिप स्किल्स और कान्स्टिट्यूशनल वैल्यूज एंड नॉलेज ऑफ इंडिया विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

## जीआईसी बल्ली में कार्यशाला का आयोजन

कार्यशाला का आरंभ मुख्य वक्ता प्रधानाचार्य, इंटर कालेज मोटाढाक महावीर सिंह बिष्ट, असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीति विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल अजय रावत, प्रवक्ता राजनीति विज्ञान रा.इ.का. कोटद्वार मुकेश रावत एवं प्रवक्ता भौतिक विज्ञान, इ.का. देवराजखाल अजय बिष्ट व विद्यालय प्रधानाचार्य युगजीत चंद सेमवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को एक अच्छे नागरिक के गुण, संविधान के मूल्य और भारतीय ज्ञान परम्परा, भारतीय संविधान की प्रस्तावना में निहित मूल भावना, जिम्मेदार नागरिक का समाज पर प्रभाव और जिम्मेदार नागरिक के कर्तव्य विषय पर छात्रों को जानकारी दी। कहा कि छात्र छात्राओ का भविष्य उनके सकारात्मक कार्यों पर निर्भर करता हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य युगजीत चंद्र सेमवाल ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं विद्यालय में चलने वाली विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया।

# पेयजल सम्बंधी शिकायत मिलने पर डीएम ने स्वयं निरीक्षण किया गांव में जाकर

**कोटद्वार (चिंगारी)।** जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने कुण्डोली गांव में पेयजल न आने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए स्वयं गांव पहुंचकर स्थिति का जायज़ा लिया और संबंधित अधिकारियों को समस्या के समाधान के लिए तत्काल निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जल संस्थान और जल निगम के अधिकारियों के साथ गांव में पेयजल व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना और नलों से आने वाले पेयजल की स्वयं जांच भी की, ताकि वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वर्तमान में उपलब्ध टैंक की क्षमता गांव की जरूरत के अनुरूप पर्याप्त नहीं है। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल ग्रैविटी और पंपिंग आधारित पेयजल योजनाओं की समीक्षा करते हुए जल टैंक की क्षमता को 5 किलोलीटर से बढ़ाकर 17 किलोलीटर किए जाने के निर्देश दिए, ताकि गांव में पेयजल आपूर्ति सुचारु रूप से हो सके। इसके साथ ही उन्होंने नलों पर कंट्रोलर लगवाने के निर्देश भी दिए, जिससे पानी का दबाव संतुलित रहे और प्रत्येक घर तक समान रूप से पेयजल पहुंच सके। ग्राम प्रधान संतोष नेगी ने जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने जनता की समस्या को गम्भीरता से लिया है।

# बीस वर्ष पूर्व स्वीकृत मोटर मार्ग का निर्माण कराने की मांग

## 1.39 करोड़ का बजट भी हो चुका स्वीकृत

**कोटद्वार (चिंगारी)।** स्व. सरोजनी देवी लोक विकास समिति ने प्रदेश सरकार से घराट-मुंडला मोटर मार्ग निर्माण की मांग की है। कहा कि लगभग बीस साल पहले स्वीकृत मोटर मार्ग का निर्माण कार्य अभी तक आरंभ नहीं हो पाया है। इस कारण क्षेत्रीय जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में उपजिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि ग्रामीणों के कई बार आंदोलन करने के बाद मोटर मार्ग को स्वीकृति मिली। दस किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण के लिए 1.39 करोड़ रुपये का बजट भी स्वीकृत किया गया। लेकिन, करीब पांच किलोमीटर का हिस्सा वन क्षेत्र में आने के कारण आज तक यह मोटर मार्ग पूरा नहीं बन पाया है। नतीजा, ग्रामीणों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी बीमार व गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक पहुंचाने में हो रही है। सड़क के अभाव में ग्रामीण गांव से पलायन को मजबूर हो रहे हैं। कहा कि सरकार को मोटर मार्ग निर्माण के लिए गंभीरता से कार्य करना चाहिए और उत्तराखंड वन्य जीव सलाहकार समिति व नेशनल टाइगर कंजरवेशन अथारिटी से मोटर मार्ग निर्माण की संस्तुति लेकर शीघ्र निर्माण कार्य आरंभ करवाना चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में गंभीर सिंह असवाल, राजेंद्र सिंह, गजे सिंह, चंद्र सिंह नेगी, कुंवर सिंह रावत, नारायण सिंह और कृपा राम सहित समिति के अन्य सदस्य शामिल रहे।

# विधानसभा में उठा जंगली जानवरों द्वारा लोगों पर हमलों का मामला

**गैरसैंण (चिंगारी)।** प्रदेश में जंगली जानवरों द्वारा रिहायशी क्षेत्र में प्रवेश कर ग्रामीण को घायल करने की घटनाओं में लगातार वृद्धि का मामला विधानसभा सत्र के दौरान गरमा गया। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने सदन में बताया कि ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए सरकार और वन विभाग लगातार कदम उठा रहे है और जंगली जानवरों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रयास कर रहे है वन विभाग के द्वारा जंगली जानवरों को ट्रैक करने के लिए ड्रोन से निगरानी के साथ-साथ फील्ड कर्मियों को लगाया गया है। प्रदेश में 32 वन प्रभागों के अंतर्गत 93 रिस्पांस टीम का गठन किया गया है। विभाग के द्वारा तत्काल मदद देने के लिए हेल्पलाइन नंबर शुरू किया गया है। जंगली जानवरों से होने वाले हमले में अगर कोई घायल की सूचना मिलती है, उसका तत्काल उपचार दिलाने की व्यवस्था भी की गई है, वहीं जानवरों के हमले से अगर अगर किसी की ग्रामीण की मृत्यु हो जाती है तो उसको अब प्रदेश सरकार 6 लाख के स्थान पर 10 लख रुपए का मुआवजा देने का भी काम करेगी। विपक्षी विधायकों ने आरोप लगाया कि वन विभाग के द्वारा अंधाधुंध पेड़ों की कटाई की जा रही हैं, जिसके कारण जंगली जानवर ग्रामीण क्षेत्रों की तरफ आ रहे हैं और उसके कारण नागरिकों पर हमले कर रहे हैं। वन मंत्री का कहना था कि जंगलों का कटान केवल उसी स्थान पर होता है, जहां पर भारत सरकार से विकास कार्य को आगे बढ़ाने के लिए अनुमति मिलती है, वरना वन क्षेत्र में किसी भी तरह का कटान प्रतिबंधित है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# मार्च में पहली बार दिसंबर-जनवरी जैसी धुंध

## तेजी से बढ़ते तापमान के बीच बदलाव

**लखनऊ/बिजनौर (एजेंसी/चिंगारी)।** पहली बार मार्च में घना कोहरा पड़ा है। इसने पर्यावरण विशेषज्ञों को हैरत में डाल दिया है। मौसम विभाग ने इस अभूतपूर्व घटना को जलवायु आपातकाल (क्लाइमेट इमरजेंसी) नाम देते हुए जलवायु परिवर्तन का स्पष्ट संकेत दिया है। उनका कहना है कि यदि तापमान में इसी तरह का अनिश्चित बदलाव जारी रहा, तो बेमौसम बरसात, ओलावृष्टि और अब बेमौसम कोहरा प्रभाव डालेगा। कल व आज सुबह वह नजारा दिखा जो आमतौर पर दिसंबर या जनवरी की कड़कड़ाती ठंड में दिखता है।

मार्च के महीने में पहली बार सफेद धुंध छा गई, जिसने दृश्यता (विजिबिलिटी) को महज 25 मीटर तक समेट दिया। बिजनौर में भी कल व आज घना कोहरा (धुंध) छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी काफी कम रही। परिणामस्वरूप वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ी। सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आये।

### जलाशयों या नदियों के किनारे शून्य रही दृश्यता

जलाशयों या नदियों के किनारे तो दृश्यता शून्य रही। इस अनोखी घटना को ग्लोबल वार्मिंग से जोड़कर देखा जा रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरेंद्र कुमार ने बताया कि यह कोई सामान्य मौसमी घटना नहीं बल्कि जलवायु परिवर्तन (क्लाइमेट चेंज) का एक गंभीर और स्पष्ट संकेत है।

### हर दिन बढ़ रहा तापमान

इस बार फरवरी के अंत से ही तापमान में अप्रत्याशित बढ़ोतरी देखी गई। एक मार्च से तापमान हर दिन औसतन 2 डिग्री सेल्सियस की दर से बढ़ रहा था। इस अत्यधिक गर्मी के कारण पृथ्वी की ऊपरी सतह बहुत गर्म हो गई थी। सोमवार की रात अचानक हवा में नमी बढ़ी और तापमान एकाएक छह डिग्री नीचे गिर गया।पृथ्वी जिस तेजी से गर्म हुई, उतनी ही तेजी से उसने अपनी गर्मी छोड़ी। जब यह गर्म सतह अचानक ठंडी हुई और हवा की नमी से मिली, तो वह रेडिएशन फॉग में तब्दील हो गई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने इस दुर्लभ घटना को इसी नाम से दर्ज किया है, जिसे क्लाइमेट इमरजेंसी की संज्ञा दी गई है।

### पर्यावरण के लिए खतरे की घंटी

इतिहास में मार्च के महीने में इस तरह का घना कोहरा पहले कभी दर्ज नहीं किया गया। यह असामान्य घटना बताती है कि हमारा ईकोसिस्टम असंतुलित हो रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण तापमान में आने वाले ये उतार-चढ़ाव भविष्य में खेती, स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए बड़ी चुनौती बन सकते हैं। सूरज चढ़ने के साथ कोहरा छंट तो गया है लेकिन यह अपने पीछे जलवायु संरक्षण के लिए कई गहरे सवाल छोड़ गया है।

**-डॉ. बबिता यादव, पर्यावरणविद्**




महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज

मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।

सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-

अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234





आवश्यकता है

जे.पी. ऑटोमोबाइल्स (हीरो मोटो कॉर्प शोरूम)

Hero

हल्दौर को सर्विस सुपरवाइजर की आवश्यकता है। हीरो की सभी गाड़ियों पर फाइनेंस की सुविधा न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

सम्पर्क करें- मो. 9359796698, 9528850309, 9634549679



Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD

Kajaria Exculsive Showroom

बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट

Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom









8445517265
8791919960

सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर



आवश्यकता है

हल्दौर में एक प्रतिष्ठित फर्म के लिए कुशल हेल्पर और कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है।

योग्य व्यक्ति तुरंत संपर्क करें।

मो- 8191819148



बिजनौर जनपद में

एक मात्र CEAT TYRE STOP

कोई भी रोड, कोई भी लोड

ट्रैक्टर, कार, मोटर साईकिल, स्कूटर

लेटेस्ट मशीन द्वारा एक्यूरेसी

कार के लिये अलाईनमेन्ट, बैलेंसिंग

टायर फिटिंग एवं नाइट्रोजन







ON-THE-SPOT CLAIM RESOLUTION | UNCONDITIONAL WARRANTY * | COMPUTERISED TYRE SERVICE

Authorised Dealer : CEAT Ltd.

KHANNA MOTORS & DIESEL ENGINEERING WORKS

*नियम व शर्तें लागू

नगीना रोड, ऐश्वर्य होटल के सामने जी.के. मार्केट, बिजनौर

मो. 9149075426, 9760110452 फोन. 01342-263312



किराये हेतु एक हॉल लगभग 1600 वर्ग फीट

निकट इंडियन बैंक किरतपुर रोड, बिजनौर

800 वर्ग फीट का एक हॉल नगीना रोड, बिजनौर



भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"

के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से

बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना

"सिंदूरी"





योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-

- ★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
- ★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
- ★ लड़कियों के लिए नि:शुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
- ★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।

हमारी विशेषताऐं:-

1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।

हमारे अचीवर्स





Neal Rajput (M.B.B.S) | Pranab Rajput (M.B.B.S) | Roopali (M.B.B.S) | Vanshika Singh (IIT) | Avantika Rana (M.B.B.S) | Avantika Malik (M.B.B.S)

BIJNOR PUBLIC SCHOOL

A Co-educational Senior Secondary School.

Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928